RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 82 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिलेगा अपनी संपत्ति का अधिकार

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा, पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वामित्व योजना एक अनमोल उपहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर इंदौर से किया गया सेवा-संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ



**स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन के अंतर्गत 50 लाख निजी संपत्तियों की नि:शुल्क रजिस्ट्री अभियान की शुरुआत**

● इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी को उनकी निजी संपत्ति का वैधानिक अधिकार मिलेगा।

प्रदेश के 23 हजार से अधिक गांवों में एक माह तक निजी संपत्तियों की नि:शुल्क रजिस्ट्री कराने का अभियान शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने इंदौर में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नबीन की मौजूदगी में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के तहत अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान तीन हितग्राहियों को नि:शुल्क पंजीयन विलेख प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करीब 68 लाख अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं, जिनमें 50 लाख निजी मकानों के हैं। इनकी नि:शुल्क रजिस्ट्री के लिए राज्य सरकार करीब चार हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि संपत्ति का मालिकाना हक परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का आधार है। पंजीयन के बाद हितग्राही गृह निर्माण, व्यवसाय. कषि और बैंक ऋण ले सकेंगे।

### तीन चरणों में लगेंगे शिविर

**पंचायत** स्तर पर विशेष शिविर तीन चरणों में होंगे। पहला चरण 17 से 19 सितंबर, दूसरा 24 से 26 सितंबर और तीसरा 1 से 3 अक्टूबर तक चलेगा। आवेदन के लिए आबादी भूखंड की लैंड लिंकिंग और समग्र आईडी से ई-केवाईसी अनिवार्य होगी। सारा मोबाइल एप से निष्पादन और संपदा एप से रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी होगी। पटवारी को निष्पादन अधिकारी तथा संबंधित राजस्व अधिकारियों को पंजीयन अधिकारी बनाया गया है। पंजीयन के बाद विलेख हितग्राही के मोबाइल पर व्हाट्सएप से भेजा जाएगा।

### तीन हितग्राहियों को बांटे स्वामित्व अधिकार पत्र

**गुरुवार** को स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि नितिन नबीन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से प्रदेश के तीन हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार पत्र बांटें । इंदौर में 30 हजार से ज्यादा को इसका लाभ मिल रहा है , जबकि प्रदेश में 50 लाख लोगों को मिल रहा है । मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट सहित प्रदेश के कई मंत्री, विधायक और भाजपा के वरीष्ठ नेता उपस्थित थे।

## 33.27 लाख दीयों से रोशन हुआ शिप्रा तट, बना वर्ल्ड रिकार्ड




### पीएम के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रज्ज्वलित किया आशीर्वाद का दीया

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आशीर्वाद दीया जलाकर सेवा संकल्प अभियान का पूरे प्रदेश में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदेश के सभी जिलों और 845 आईकॉनिक प्लेस में 3 करोड़ 55 लाख दीये एक साथ जलाये गये। सिर्फ उज्जैन में ही 33 लाख 27 हजार दीये एक साथ प्रज्ज्वलित कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया।

उज्जैन के शिप्रा के रामघाट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंघी ने उज्जैनवासियों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किये। उज्जैन में शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों सहित महाकाल लोक में सायं 7 बजे सायरन बजने के साथ सभी लोगों ने मिलकर दीप जलाये और प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन एवं प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह शिप्रा आरती में शामिल हुए और मां शिप्रा की आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### प्रदेश के आईकॉनिक प्लेस में हुआ दीप प्रज्ज्वलन



**प्रदेश** के प्रमुख आईकॉनिक जगहों पर भी दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसमें ग्वालियर जिले के 11, शिवपुरी के 11, गुना के 10, अशोकनगर के 11, दतिया के 14, भिण्ड के 10, मुरैना के 18, श्योपुर कला के 80, इंदौर के 32, बड़वानी के 27, धार के 32, झाबुआ के 11, आलीराजपुर के 4, खरगोन के 10, खण्डवा के 27, बुरहानपुर के 15, उज्जैन के 10, नीमच के 15, देवास के 17, शाजापुर के 16, आगर के 7, रतलाम के 17, मंदसौर के 15, भोपाल के 21, रायसेन के 18, विदिशा के 18, नर्मदापुरम के 10, बैतूल के 144 के अलावा अन्य आईकॉनिक जगहों पर बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलित किये गये।

## भारत पर 100% टैरिफ लगाने का ट्रंप को मिल गया अधिकार

अमेरिकी संसद में पास हुआ रूस प्रतिबंध बिल

● वाशिंगटन



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूसी अधिकारियों और आर्थिक क्षेत्रों को लक्षित करने वाले व्यापक प्रतिबंध पैकेज को 262 मतों से 159 से पारित कर दिया।

अब इसे आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास साइन करने के लिए भेजा गया है। साउथ कैरोलिना के स्वर्गीय सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में इस कानून का नाम रखा गया था। इसे एक साल से ज़्यादा समय तक बातचीत के बाद बनाया गया। ट्रंप का समर्थन हासिल करना तब बहुत जरूरी हो गया जब इस पैकेज में ईरान पर मौजूदा प्रतिबंधों को पांच साल के लिए बढ़ाने की राष्ट्रपति की मांग को शामिल किया गया। यह कदम ट्रंप के व्हाइट हाउस में दोबारा आने के बाद यूक्रेन को सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा अमेरिकी कानूनी प्रयास है।

### अमेरिकी टैरिफ पर भारत का कड़ा रुख

**भारत** सरकार ने अमेरिका के इस फैसले पर दो टूक कहा है कि उसके लिए 140 करोड़ भारतीय सबसे पहले हैं और वह उनकी ऊर्जा सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी। जहां से जरूरी होगा, वहां से तेल खरीदेंगे। सरकार अपने आर्थिक व कारोबारी हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। भारत ने अमेरिकी पक्ष के समक्ष एकदम स्पष्ट कर दिया है कि इस तरह के कदम से द्विपक्षीय संबंधों पर भी असर पड़ने की आशंका है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। सरकार इन घटनाक्रमों के प्रभावों से निपटने के लिए भारतीय व्यापार और उद्योग संगठनों के साथ मिलकर काम करेगी।

## मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

**नई दिल्ली, आरएनएन।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर निगरानी मजबूत करने के लिए दवा नियमावली, 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत दवा की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य अनुसूची एच1-एन1 और एक्स में शामिल दवाओं की बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के अनधिकृत बिक्री और उन तक अनधिकृत पहुंच को रोकना है। मंत्रालय ने 8 सितंबर को प्रस्तावित बदलावों से संबंधित प्रारूप राजपत्र अधिसूचना जारी की थी। इस पर सबसे पहले औषधि परामर्श समिति में चर्चा हुई। इसके बाद इसे विचार के लिए औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) के सदस्यों के बीच भेजा गया। विचार-विमर्श के बाद डीटीएबी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की सिफारिश की।

### फुटेज तीन माह तक सुरक्षित रखना होगा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हिंदी को लेकर सोच बदलने की जरूरत

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, तमिलनाडु सरकार राज्य के स्कूलों में हिंदी पढ़ाने से नहीं रोक सकती

● नई दिल्ली / आरएनएन



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विजय सरकार को लेकर तल्ख टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि तमिलनाडु सरकार को राज्य के स्कूलों में हिंदी पढ़ाने के प्रति अपनी मानसिकता (सोच) बदलने की जरूरत है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और ए.जी. मसीह की पीठ ने तमिलनाडु में नवोदय स्कूलों की स्थापना से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। नवोदय विद्यालय केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित, सह-शिक्षा और आवासीय स्कूल हैं।

इनका संचालन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन नवोदय विद्यालय समिति करती है। तमिलनाडु में इन स्कूलों की स्थापना का राज्य सरकार लगातार विरोध करती रही है। तमिलनाडु सरकार की प्रमुख आपत्तियों में से एक इन स्कूलों में लागू तीन-भाषा नीति है, जिसमें हिंदी भी शामिल है। राज्य सरकार का कहना है कि यह उसकी दो-भाषा नीति के विपरीत है।

### केंद्रीय योजना को राज्य अपनी योजना माने

**जस्टिस** नागरत्ना ने कहा कि राज्य को केंद्रीय योजना को अपनी योजना की तरह मानना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि इन स्कूलों पर होने वाला खर्च अंतत: राज्य को ही वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक अंतत: भुगतान के लिए हमारी ओर देखेंगे। और वे भुगतान नहीं करेंगे। उनका मतलब केंद्र सरकार का रिकॉर्ड कॉर्ड बेहद खराब है। उन्होंने अभी तक सर्व शिक्षा अभियान के लिए भुगतान नहीं किया है। यह पूरी तरह से राजनीतिक है। यह सहकारी संघवाद बिल्कुल नहीं है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि यह केवल सोच का मामला है। अदालत ने आगे कहा कि संवाद कीजिए। यदि संवाद के बाद कोई कठिनाई आती है, तो हमें बताइए। इससे आपकी शिक्षा का स्तर कम नहीं होगा, बल्कि इससे अधिक अवसर मिलेंगे।

## चंद्रशेखरन 5 साल तक बने रहेंगे टाटा संस के चेयरमैन

नोएल टाटा ने किया विरोध, लेकिन सभी बोर्ड सदस्य ने फिर से चंद्रशेखरन को चुना

● मुम्बई / आरएनएन



टाटा संस के चेयरमैन पद के लिए एन. चंद्रशेखरन को फिर से 5 साल के लिए अपॉइंट किया गया है। नोएल टाटा को छोड़कर टाटा ग्रुप के सभी बोर्ड मेंबर्स ने एन. चंद्रशेखरन को 5 साल के लिए फिर से नियुक्त करने के लिए वोट किया है।

नोएल टाटा ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया है। बोर्ड के मंजूरी के बाद अब अगले पांच साल तक चंद्रशेखरन इस पद पर बने रह सकते हैं। उन्हें फिर से इस पद के लिए तब चुना गया है, जब उन्होंने पिछले महीने ही चेयरमैन पद से इस्तीफे का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि ग्रुप के लीडरशिप को लेकर स्पष्टता नहीं है। ऐसे में वे आगे इस पद पर नहीं बने रहना चाहते हैं। वहीं रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने टाटा संस को पब्लिक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह घटना चंद्रशेखरन द्वारा टाटा संस में तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार न बनने की घोषणा के एक महीने बाद सामने आया है।

### टाटा ट्रस्ट ने इसे गैरकानूनी बताया

**टाटा** ट्रस्ट ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति का विरोध दोहराया। ट्रस्ट का कहना है कि बोर्ड ने उनके कार्यकाल को 5 साल बढ़ाने के लिए जो प्रस्ताव पास किया, वह गैरकानूनी और कानूनी रूप से अमान्य है।

## राजमार्गयात्रा ऐप पर वनटैग सुविधा शुरू

**नई दिल्ली, आरएनएन।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए राजमार्गयात्रा ऐप पर वनटैग पोर्टेबिलिटी सुविधा शुरू की है जिसके तहत वाहन पर लगे मौजूदा फास्टैग को बदले बिना उसका जारीकर्ता बैंक बदला जा सकेगा। एननएचएआई ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ता ऐप पर वाहन पंजीकरण संख्या डालकर पात्रता की जांच कर सकेंगे और मौजूदा जारीकर्ता बैंक से मिले छह अंकों के मोबाइल सत्यापन कोड के जरिए प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

इसके बाद नया जारीकर्ता बैंक चुनकर ग्राहक सत्यापन और वॉलेट की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सफल पोर्टेबिलिटी के बाद वाहन के पंजीकरण नंबर से जुड़ी मौजूदा फास्टैग आईडी वही रहेगी और उपयोगकर्ता उसी भौतिक टैग से नए जारीकर्ता बैंक के माध्यम से टोल भुगतान कर सकेंगे।

**लंबा इंतजार** | झारखंड हाई कोर्ट ने 75 साल के पूर्व पार्सल क्लर्क काली शंकर धोबी को दोषी ठहराया, एक साल की जेल

## 1995 में ली थी 100 रुपये की घूस, 31 साल बाद फैसला

● रांची



रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर 1995 में 100 रुपये की रिश्वत लेने के मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व पार्सल क्लर्क काली शंकर धोबी की दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। करीब 31 साल पुराने इस मामले में अदालत ने उनकी उम्र, बीमारी और लंबी चली कानूनी प्रक्रिया को देखते हुए सजा कम कर दी है।

अब 75 वर्षीय काली शंकर को एक साल जेल की सजा काटनी होगी। पूरा मामला 27 अप्रैल 1995 का है। उस समय काली शंकर धोबी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर पार्सल क्लर्क के पद पर तैनात थे। शिकायतकर्ता निर्मल कुमार बेगानी को अपनी बाइक हटिया रेलवे स्टेशन से बिहार के समस्तीपुर भेजनी थी। आरोप था कि बाइक बुक करने के बदले पार्सल क्लर्क ने उनसे 100 रुपये रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी सीबीआई को दी। सीबीआई ने शिकायत का सत्यापन कराया और शिकायत सही पाए जाने के बाद ट्रैप की कार्रवाई की। 27 अप्रैल 1995 को सीबीआई की टीम ने कार्रवाई करते हुए तत्कालीन पार्सल क्लर्क काली शंकर धोबी को 100 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। सीबीआई की कार्रवाई के बाद मामला स्पेशल कोर्ट पहुंचा। करीब नौ साल तक चली सुनवाई के बाद साल 2004 में कोर्ट ने काली शंकर धोबी को दोषी करार दिया।

### नौकरी पहले ही गई, अब जेल की बारी

**मामले** में दोषी ठहराए जाने के बाद काली शंकर धोबी की रेलवे की नौकरी पहले ही जा चुकी है। हाई कोर्ट में यह भी बताया गया कि उनका कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है और यह उनका पहला अपराध था। हालांकि इन परिस्थितियों के बावजूद अदालत ने उनकी दोषसिद्धि को खत्म नहीं किया। हाई कोर्ट ने उनकी जमानत भी रद्द कर दी है और उन्हें दो महीने के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। यानी 27 अप्रैल 1995 को 100 रुपये की रिश्वत से शुरू हुआ मामला करीब 31 साल बाद भी काली शंकर धोबी का पीछा नहीं छोड़ पाया। अब 75 साल की उम्र में उन्हें अदालत के आदेश के तहत जेल की सजा काटनी होगी।

### करीब दो दशक तक चला झारखंड हाई कोर्ट में मामला

**ट्रायल** कोर्ट के फैसले के बाद मामला हाई कोर्ट पहुंचा, लेकिन इसकी सुनवाई पूरी होने में भी दो दशक से ज्यादा समय लग गया। इस तरह 1995 में शुरू हुआ रिश्वत का यह मामला करीब 31 साल तक कानूनी प्रक्रिया में चलता रहा। मामले की सुनवाई जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, हाई कोर्ट ने काली शंकर धोबी की सजा कम कर दी। अदालत ने मामले के लंबे समय तक चलने, उनकी उम्र और बीमारी को ध्यान में रखा। अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7 के तहत एक साल की सजा को घटाकर 6 महीने कर दिया। वहीं, धारा 13(2) के तहत डेढ़ साल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया गया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी. इसका मतलब है कि काली शंकर धोबी को एक साल जेल में रहना होगा।

## पेट्रोल व डीजल पर केंद्र सरकार ने दी थोड़ी राहत

● नई दिल्ली / आरएनएन

**पेट्रोल पर निर्यात शुल्क 1 रु., डीजल पर 5 रु. और एटीएफ पर 4 रु. प्रति लीटर घटाया**

केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क में कटौती की है। नई दरें 16 सितंबर से लागू हो गई हैं और अगले पखवाड़े तक प्रभावी रहेंगी।

सरकार ने पेट्रोल पर निर्यात शुल्क 1 रुपए प्रति लीटर, डीजल पर 5 रुपए और एटीएफ पर 4 रुपए प्रति लीटर घटाया है। वित्त मंत्रालय की नई अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली लेवी को 1.50 रुपए से घटाकर 0.50 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। यानी इसमें सीधे 1 रुपए प्रति लीटर की कमी की गई है। डीजल के निर्यात पर कुल लेवी 25 रुपए से घटाकर 20 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। पहले इसमें 24 रुपए प्रति लीटर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी और 1 रुपए प्रति लीटर रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस शामिल था।

# सीमा से पुलिस लाइन तक डीजीपी का दौरा, जवानों से संवाद से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक परखी व्यवस्थाएं

## *तनोट माता मंदिर में दर्शन के बाद जैसलमेर पुलिस लाइन का निरीक्षण, सिणधरी थाने में कानून-व्यवस्था की समीक्षा; नशे और साइबर अपराध की रोकथाम में जनसहयोग पर दिया जोर...*

स्मार्ट हलचल

**जयपुर,** पश्चिमी राजस्थान के तीन दिवसीय दौरे के तहत पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को सुबह तनोट माता मंदिर में दर्शन एवं आरती में शिरकत की। इसके बाद जैसलमेर पहुंचकर उन्होंने पुलिस लाइन, ऑफिसर्स मैस, महिला बैरक, जिम, कैंटीन और पुलिस लाइन में संचालित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का निरीक्षण किया। बाद में बालोतरा जिले के सिणधरी थाने पहुंचकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की तथा पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नशे एवं साइबर अपराध की रोकथाम में जनसहयोग लेने के निर्देश दिए।






### तनोट माता के दर्शन, आरती में हुए शामिल

डीजीपी श्री शर्मा ने सुबह तनोट माता मंदिर में दर्शन किए और आरती में शामिल होकर प्रदेश में सर्वतोमुखी समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद वे जैसलमेर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डीजीपी ने पुलिस लाइन जैसलमेर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्थापित जिम और कैंटीन का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**महिला बैरक का निरीक्षण, बेहतर सुविधाओं पर जोर**

पुलिस लाइन में नवनिर्मित महिला बैरक का भी डीजीपी ने निरीक्षण किया। उन्होंने बैरक में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिला पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीजीपी श्री शर्मा पुलिस लाइन में संचालित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालय में पढ़ाई और शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। वे कक्षा-कक्षों में भी पहुंचे और विद्यार्थियों से उनके पाठ्यक्रम सहित पढ़ाई से जुड़े विषयों पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को टॉफियां वितरित कीं।

**सिणधरी थाने में कानून-व्यवस्था की समीक्षा**

जैसलमेर से डीजीपी श्री शर्मा बालोतरा जिले के सिणधरी पुलिस थाने पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने थाने का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था तथा अपराध की स्थिति के बारे में जानकारी ली। डीजीपी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि आमजन के साथ निरंतर समन्वय और संवाद बनाए रखते हुए पुलिसिंग को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने नशे की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के लिए आमजन का सहयोग लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक कर पुलिस के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान मजबूत किया जाए।

**रात में बीएसएफ जवानों से सीमा संवाद, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

इससे पूर्व बुधवार रात डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा बबलियान बॉर्डर आउट पोस्ट पहुंचे। यहां उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों एवं जवानों से रूबरू होकर सीमा संवाद किया और विषम परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे सीमा प्रहरियों का हौसला बढ़ाया। डीजीपी ने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा का भ्रमण कर सीमा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों के साथ संवाद करते हुए राजस्थान पुलिस की ओर से बीएसएफ के साथ निरंतर प्रभावी समन्वय बनाए रखने की बात कही। इसके बाद वे तनोट पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम किया। इस दौरान आईजी सत्येंद्र सिंह, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, जैसलमेर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# *अजमेर में हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी जेल से भागा, हाजिरी में गायब मिला तो मचा हड़कंप*

स्मार्ट हलचल

**अजमेर/** अजमेर केंद्रीय कारागार की खुली जेल से हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी फरार हो गया। जेल प्रशासन को कैदी के गायब होने का पता नियमित हाजिरी के दौरान चला। इसके बाद जेल प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामला दर्ज क र फरार कैदी की तलाश शुरू कर दी है।

**फरार कैदी की पहचान अजहरुद्दीन उर्फ कुका**

के रूप में हुई है। वह हत्या के मामले में दोषी है और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अदालत से उम्रकैद की सजा भुगत रहा था। उसे अजमेर के खुले बंदीगृह में रखा गया था। जेल अधिकारियों के अनुसार, खुले जेल परिसर में निर्धारित प्रक्रिया के तहत बंदियों की हाजिरी ली जा रही थी। इसी दौरान अजहरुद्दीन उर्फ कुका अनुपस्थित मिला। जेल कर्मचारियों ने परिसर और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसके फरार होने की पुष्टि हुई। जेल अधीक्षक की ओर से सिविल लाइंस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फरार कैदी की तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस और जेल प्रशासन यह भी जांच कर रहे हैं कि कैदी किस समय और किस रास्ते से खुली जेल से बाहर निकला। उसके फरार होने की परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है।



# 'दीपावली पर बिकेंगे सिर्फ ग्रीन पाटाखे','10 दिन के लिए ही मिलेंगे अस्थायी लाइसेंस'

'जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को स्वयं के उपखंड क्षेत्र में नियमानुसार अस्थाई लाइसेंस जारी करने के लिए किया अधिकृत'

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा,** राजस्थान सरकार की संशोधित परामर्शदात्री द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्णय को ध्यान में रखते हुए परामर्श जारी किया गया है कि एनसीआर क्षेत्र में आतिशबाजी को बेचने व चलाने पर प्रतिबंध रहेगा। एनसीआर क्षेत्र को छोड़ते हुए सम्पूर्ण राजस्थान में केवल ग्रीन आतिशबाजी के बेचने व चलाने की अनुमति होगी। ग्रीन आतिशबाजी को चलाने, पहचान एवं रोक के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिला मजिस्ट्रेट श्री जसमीत सिंह संधू ने बताया कि भीलवाडा जिले में दीपावली के त्यौहार पर अस्थाई लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के शीघ्र निस्तारण हेतु समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अपने उपखण्ड क्षेत्र में केवल ग्रीन पटाखों के अस्थाई लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया जाता है। उन्होंने समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि समय-समय पर केन्द्रीय/ राज्य सरकार / विस्फोटक विभाग द्वारा जारी निर्देशों की पालना में अस्थाई लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के क्रम में उपखंड क्षेत्र में संबंधित पुलिस उप अधीक्षक के साथ कार्यस्थल का संयुक्त मौका निरीक्षण कर स्थान चिन्हित करे, चिन्हित स्थल के निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करे, चिन्हित स्थल पर आवेदन अधिक मात्रा में प्राप्त होने पर लॉटरी प्रक्रिया अपनाई जाकर प्राप्त आवेदनों को नियमों के परिप्रेक्ष्य में जांच कर दीपावली के त्यौहार से 10 दिवस पूर्व अस्थाई लाईसेंस जारी करने की सम्पूर्ण कार्यवाही कर अधिकतम 10 दिवस के लिए केवल ग्रीन पटाखों के अस्थाई लाइसेंस जारी करना सुनिश्चित करेंगें।

# ब्रेक फेल ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे कार सवार



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा ।** जाको राखे साइयां, मार सके न कोय' कहावत चरितार्थ हुई हुआ यू कि गुरुवार शाम कस्बे से गुजर रहे हाईवे पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रेलर के अचानक ब्रेक फेल हो गए। अनियंत्रित ट्रेलर ने आगे चल रही कार को चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई। जिसे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया । कार में सवार दोलपुरा ग्राम पंचायत प्रशासक रती राम रायका देवनारायण मेले से वापस जाने के लिए कार को घुमा रहे थे कि ब्रेक फेल ट्रेलर ने चपेट में लिया हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि रायका को कोई चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए। मालूम हो कि लाडपुरा में इन दिनों हाईवे के समीप ही भगवान देवनारायण का तीन दिवसीय मेला चल रहा है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। ऐसे में यदि अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में कोई श्रद्धालु आता तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में किसी के हताहत नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली। बताया गया कि ट्रेलर चालक चिल्लाता हुए ब्रेक नहीं आने की कह रहा था।

# अजमेर मेयर चुनाव में सियासी घमासान: भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन पर जताई आपत्ति, सुनवाई पूरी

स्मार्ट हलचल

**अजमेर/** अजमेर नगर निगम मेयर पद के नामांकन की जांच के दौरान गुरुवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी टकराव देखने को मिला। भाजपा की मेयर प्रत्याशी अनामिका शर्मा की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी किरण गढवाल के नामांकन के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई गई। आपत्ति में नगर निगम की बकाया राशि का हवाला देते हुए किरण गढ़वाल पर नामांकन में बकाया राशि से जुड़ी जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया। भाजपा की ओर से आरोप लगाया गया कि किरण गढ़वाल के गढ़वाल पैलेस पर वर्ष 2018 से नगर निगम की 19 लाख 18 हजार 628 रुपए की राशि बकाया है। भाजपा ने दावा किया कि इस संबंध में नगर निगम की ओर से नोटिस भी जारी किया गया था। भाजपा ने नगर निगम अधिनियम की धारा 24 का हवाला देते हुए आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि नामांकन में बकाया राशि से जुड़ी जानकारी स्पष्ट नहीं की गई। आपत्ति पर गुरुवार को संबंधित अधिकारियों के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, भाजपा कार्यकर्ता और अनामिका शर्मा की ओर से अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से भी अपना पक्ष रखा गया। मामले को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की, जिसके बाद कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया और हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी किरण गढ़वाल के पति दिलीप गढ़वाल ने भाजपा की आपत्ति को खारिज किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से एनओसी जारी की गई है। उनके अनुसार, एनओसी जारी होने से पहले निगम की ओर से 24 हजार और 27 हजार रुपए जमा कराने के लिए कहा गया था, जिसे जमा करा दिया गया। दिलीप गढ़वाल ने आरोप लगाया कि हार की बौखलाहट में इस तरह के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगाए गए आरोप गलत हैं और जिस बकाया राशि की बात कही जा रही है, उसे लेकर स्टे चल रहा है। भाजपा प्रत्याशी अनामिका शर्मा की ओर से लगाई गई आपत्ति पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। दोनों पक्षों के लोग बाहर आ चुके हैं और अब प्रशासन के फैसले का इंतजार है। फैसले के बाद ही स्पष्ट होगा कि किरण गढ़वाल का नामांकन स्वीकार किया जाता है या आपत्ति के आधार पर कोई कार्रवाई होती है।



# विधायक आक्या ने मार्निंग वॉक क्लब के सदस्यो के साथ पौधारोपण किया

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने गुरूवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में मार्निंग वॉक क्लब के सदस्यो के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, नरेन्द्र पोखरना, जगदीश मण्डोवरा, अनिल तम्बोली, भगवान झंवर, गणेश प्रजापत, प्रमोद अग्रवाल, मनोज साहू, प्रफुल्ल त्रिवेदी, राजेश शर्मा, राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या में मार्निंग वॉक क्लब के सदस्य उपस्थित थे।



फुलिया कलां उपखंड में 7 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन युवकों का आमरण अनशन

# मनरेगा भुगतान, पेयजल, सड़क, चिकित्सा सहित किसानों के मुआवजे की मांग; प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग

स्मार्ट हलचल

**फुलिया** कलां क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर फुलिया कलां उपखंड क्षेत्र में तीन युवक आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। अनशनकारियों ने प्रशासन के समक्ष 7 सूत्रीय मांगें रखते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमरण अनशन पर लाला राम रावण, शिवराज आचार्य और दिनेश कुमार माली बैठे हैं। अनशनकारियों ने मनरेगा श्रमिकों के लंबित भुगतान से लेकर पेयजल, सड़क, शिक्षा, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवाओं और फसल खराबे के मुआवजे तक विभिन्न मुद्दों को उठाया है।

**सात प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन**



अनशनकारियों की प्रमुख मांगों में मनरेगा श्रमिकों का लंबित भुगतान करवाने के साथ विलंब मुआवजा दिलाना शामिल है। इसके अलावा चंबल परियोजना से क्षेत्र में पेयजल की नियमित एवं समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई है। वहीं रेगर बस स्टैंड के अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाने, श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से जुड़े पुरानी बावड़ी मार्ग को तत्काल पुनः खुलवाने की मांग भी रखी गई है। चिकित्सा व्यवस्था को लेकर अनशनकारियों ने प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में स्थायी रूप से चिकित्सक सहित स्टाफ की नियुक्ति तथा क्षेत्र के अस्पताल में स्थायी रूप से योग्य डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है। इसके साथ ही क्षेत्र में फसल खराबे का उचित सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी आंदोलन का प्रमुख मुद्दा है। समाधान नहीं होने तक जारी रखने की बात अनशनकारियों का कहना है कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष मांगें रखी जा चुकी हैं, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं हुआ। इसी के चलते उन्होंने आमरण अनशन का रास्ता अपनाया है। उन्होंने प्रशासन से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर समयबद्ध तरीके से समाधान करवाने की मांग की है।

# देवनारायण मेले के दूसरे दिन उमड़े श्रद्धालु, 1000 किलो दाल-चावल के प्रसाद का लगाया भोग

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा ।** कस्बे में आयोजित तीन दिवसीय देवनारायण मेले के दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान देवनारायण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार रहा। मंदिर को आकर्षक फूलों से शानदार ढंग से सजाया गया। मेले में महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के साथ घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीददारी की। वहीं बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया व खिलौने खरीदे। दोपहर तीन बजे करीब 1000 किलो दाल-चावल से तैयार प्रसाद का भगवान देवनारायण को भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल, अनिल पारीक, सत्य नारायण मेवाड़ा,नन्द किशोर सनाढ्य, रणजीत सिंह शक्तावत, प्रशासक प्रकाश कवर, जोगणिया माता शक्ति पीठ अध्यक्ष सत्य नारायण जोशी , बाण माता शक्ति पीठ अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा , रतन लाल खटीक , मोहन सिंह शक्तावतसहित श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।इससे पूर्व रात्रि में गायक ओम वैष्णव ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी । भजन संध्या देर रात तक चली।महामंत्री दिनेश सिंह शक्तावत ने बताया कि 18 सितंबर को गवरी नृत्य के साथ मेले का समापन होगा। प्रसाद वितरण के दौरान मंगलसूत्र किया पार प्रसाद वितरण के दौरान एक बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात महिलाओं द्वारा मंगलसूत्र काटने का मामला सामने आया। घटना के बाद मेले में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

# शाहपुरा पालिका अध्यक्ष चुनाव- दो दावेदारों के बीच सिमटी कुर्सी की जंग, सियासी समीकरणों पर नजर

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के बाद मुकाबले की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए कुल चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें कांग्रेस के रमेश सेन, भाजपा की ललिता कहार तथा बालमुकुंद तोषनीवाल के दो नामांकनकृएक कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में और दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मेंकृशामिल थे। गुरुवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद दो नामांकन खारिज होने की जानकारी सामने आई है। इसके बाद अध्यक्ष पद की चुनावी जंग अब कांग्रेस के रमेश सेन और निर्दलीय बालमुकुंद तोषनीवाल के बीच रह गई है। स्थानीय राजनीतिक चर्चाओं में तोषनीवाल के कांग्रेस से अलग होकर निर्दलीय मैदान में रहने को लेकर अलग-अलग तरह के सियासी कयास लगाए जा रहे हैं।




**22 पार्षदों के साथ कांग्रेस के सामने चुनौती**

शाहपुरा नगर पालिका के 35 वार्डों के चुनाव परिणाम में कांग्रेस को 22 सीटें मिली हैं, जबकि भाजपा के 8 और निर्दलीय 5 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। इस लिहाज से कांग्रेस के पास अध्यक्ष पद के लिए आवश्यक बहुमत से अधिक संख्या है। लेकिन अध्यक्ष पद के चुनाव में अब सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस के भीतर के समीकरणों को लेकर है। रमेश सेन और बालमुकुंद तोषनीवाल दोनों कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और दोनों ही इस बार पार्षद निर्वाचित हुए हैं। उपलब्ध परिणामों के अनुसार सेन वार्ड 15 से और तोषनीवाल वार्ड 16 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए थे।

**निर्दलीय मैदान में तोषनीवाल ने बढ़ाई हलचल**

तोषनीवाल द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में बने रहने से अध्यक्ष चुनाव की राजनीतिक चर्चा और तेज हो गई है। हालांकि इसका अंतिम असर क्या होगा, यह चुनाव के दौरान पार्षदों के रुख और मतदान से ही स्पष्ट होगा। वहीं भाजपा के पास 8 पार्षद हैं और पांच निर्दलीय पार्षद भी बोर्ड में मौजूद हैं। ऐसे में अध्यक्ष चुनाव के दौरान सभी पक्षों की नजर पार्षदों के समर्थन और राजनीतिक समीकरणों पर रहेगी।

**अब अगला सवालकृकिसके साथ जाएंगे पार्षद?**

अध्यक्ष पद का चुनाव 21 सितंबर को होना प्रस्तावित है। नाम वापसी के लिए 18 सितंबर तक का समय निर्धारित है। यदि चुनाव आवश्यक रहता है तो 21 सितंबर को मतदान होगा।

नामांकन की तस्वीर साफ होने के बाद अब शाहपुरा की सियासत में सबसे बड़ा सवाल यही है कि कांग्रेस के 22 पार्षदों में एकजुटता किस तरह कायम रहती है और निर्दलीय खेमे की भूमिका क्या रहती है।

शाहपुरा की नगर पालिका की कुर्सी अब दो चेहरों के बीच हैकृरमेश सेन बनाम बालमुकुंद तोषनीवाल। आगामी दो दिन में नाम वापसी और उसके बाद होने वाला मतदान इस सियासी मुकाबले की दिशा तय करेगा।

# पशुधन के नुकसान पर भीलवाड़ा डेयरी बनी सहारा, थामा पशुपालकों का हाथ, 1.50 लाख के क्लेम चेक वितरित

## *भैंस व गाय की मृत्यु पर आईसीआईसीआई लोम्बारड (ICICI Lombard) ने स्वीकृत की क्लेम राशि, सरस पशु बीमा योजना के तहत भीलवाड़ा डेयरी में हुआ वितरण...*

### पशुधन के आकस्मिक नुकसान में बीमा बनेगा आर्थिक संबलः एमडी त्रिभुवन पाटीदार

**भीलवाड़ा ।** पशुधन पशुपालकों की आय का महत्वपूर्ण आधार है और किसी पशु के आकस्मिक नुकसान से परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है। ऐसे में पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से संचालित सरस पशु बीमा योजना के तहत भीलवाड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की ओर से तीन पशुपालकों को कुल 1.50 लाख रुपए की बीमा क्लेम राशि के चेक वितरित किए गए। भीलवाड़ा डेयरी में आयोजित कार्यक्रम में आईसीआईसीआई लोम्बारड (ICICI Lombard) की ओर से स्वीकृत पशु बीमा क्लेम राशि के चेक डेयरी के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने संबंधित पशुपालकों को प्रदान किए। कार्यक्रम में बादाम देवी, मोतीपुरा को भैंस के पशु बीमा क्लेम के रूप में 60 हजार रुपए, मुन्नी देवी, मोतीपुरा को गाय के लिए 40 हजार रुपए तथा कान सिंह चुंडावत, ग्राम बागा का खेड़ा को गाय के पशु बीमा क्लेम के रूप में 50 हजार रुपए की राशि का चेक दिया गया। क्लेम राशि मिलने पर पशुपालकों को पशुधन के आकस्मिक नुकसान से उत्पन्न आर्थिक परेशानी में राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने कहा कि सरस पशु बीमा योजना का प्रमुख उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुधन के आकस्मिक नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पशुपालक अपने पशुओं का बीमा करवाकर ऐसी परिस्थितियों में होने वाले आर्थिक नुकसान को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उन्होंने पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में पशु बीमा योजना का लाभ लेने तथा डेयरी की ओर से पशुपालकों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। डेयरी प्रबंधन की ओर से बताया गया कि पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, ताकि दुग्ध उत्पादकों को पशुपालन के दौरान आने वाली आर्थिक एवं व्यावहारिक परेशानियों से राहत मिल सके। पशु बीमा योजना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से बीमित पशु के आकस्मिक नुकसान की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत पशुपालक को क्लेम राशि उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में भीलवाड़ा डेयरी के एफओ इंचार्ज रामप्रसाद कुमावत, इनपुट इंचार्ज वाई.पी. सिंह, इंचार्ज पशुआहार संयंत्र राकेश सिंह, पशु चिकित्सक डॉ. अक्षय शर्मा एवं डॉ. विष्णु गर्ग सहित आईसीआईसीआई लोम्बारड (ICICI Lombard) की टीम के सदस्य दिव्येंदु शाह एवं सुनील विष्णोई उपस्थित रहे। डेयरी प्रबंधन ने कहा कि पशुपालकों के हित में संचालित योजनाओं को निरंतर प्रभावी रूप से लागू करने और अधिक से अधिक पशुपालकों तक उनका लाभ पहुंचाने के प्रयास जारी रहेंगे।



# किताब थमाने वाले शिक्षक अब जीवन बचाने में भी जुटे, रक्तदान के साथ पौधारोपण का संदेश

## शाहपुरा में 15 वां रक्तदान शिविर आयोजित, 94 यूनिट रक्त संग्रह; प्रत्येक रक्तदाता को गमले सहित पौधा भेंट

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा के शिक्षकों और राज्य कर्मचारियों की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अनूठी पहल लगातार जारी है। वर्ष 2011 से 5 सितंबर के अवसर पर शुरू हुए रक्तदान एवं पौधारोपण अभियान के तहत इस वर्ष स्थानीय निकाय चुनावों के कारण 17 सितंबर को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट में 15वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 94 यूनिट रक्तदान हुआ। शिक्षकों के साथ विभिन्न विभागों के राज्य कर्मचारियों तथा आसपास के समाजसेवियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शाहपुरा ब्लॉक के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजन समाज में सामाजिक



समरसता की भावना को मजबूत करते हैं। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार व्यास ने कहा कि शाहपुरा ब्लॉक के शिक्षक विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान देने के साथ अब रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में भी योगदान दे रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक नाना लाल सालवी ने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को संस्कार दिए जाते हैं। ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों को देखकर छात्र-छात्राओं में भी सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी तथा वे भविष्य में समाज और देश के अच्छे नागरिक बनेंगे। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेनाराम कुमावत ने शिक्षकों और कर्मचारियों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है। शाहपुरा जिला चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. अशोक जैन ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सहयोग किया। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने कहा कि रक्तदान और पौधारोपण दोनों मानवीय कार्य हैं। उन्होंने कहा कि अपने सेवा कार्यकाल के दौरान उन्होंने शाहपुरा के शिक्षकों और राज्य कर्मचारियों की इस सराहनीय पहल को देखा है, जो अन्य लोगों के लिए भी अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान जुड़वा बच्चों दिव्यांश और देवांशु के जन्मदिन का आयोजन भी रक्तदान शिविर स्थल पर किया गया। दोनों बच्चों ने अपने शिक्षक माता-पिता के साथ शिविर में पहुंचकर जन्मदिन मनाया। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। साथ ही प्रत्येक रक्तदाता को गमले सहित पौधा भेंट कर रक्तदान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शाहपुरा मूल के निवासी एवं राजस्थान सरकार में प्रमुख शासन सचिव (वित्त) वैभव गालरिया ने आयोजक देवीलाल बैरवा एवं समस्त कर्मचारियों को बधाई संदेश भेजा। उन्होंने लगातार इस पुनीत कार्य को जारी रखने को शाहपुरा के लिए प्रदेश में गौरव की बात बताया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी चतुर्भुज जटिया, शंकर सिंह राठौड़, किसान केसरी संघ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा, पुखराज जोशी, नारायण लाल जाट, सलीम डायर, इस्माइल खान कायमखानी, नयन बुला, हरित शाहपुरा के प्रताप सिंह राणावत, जयप्रकाश शर्मा, महेश कोहली, सत्यनारायण खटीक, रमेश घूसर, पुष्पेंद्र कुमार घूसर, पूर्व मुख्य लेखा अधिकारी उदय लाल बेरवा, इकरामउल हक अंसारी, कैलाश कोली, आशीष राय, धनराज मीणा, मौलाना मुमताज, जगदीश जाट, स्नेहलता बैरवा, वर्षा व्यास, लाड़ कंवर, धर्मेंद्र सिंह सोदा, मदन माली, चंद्र प्रकाश जोशी, पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारका प्रसाद जोशी, महावीर प्रसाद भील सहित कई लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने किया।

40वीं बार रक्तदान कर रामचंद्र बैरवा ने पेश की मिसाल

शिविर की खास बात यह रही कि शाहपुरा निवासी रामचंद्र बैरवा ने 40वीं बार रक्तदान किया। उनके इस नियमित रक्तदान को कार्यक्रम में विशेष रूप से सराहा गया।

बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी ने पहाड़ों पर तिरंगा फहराने वाली शिवानी को किया सम्मानित

# दुर्गम पर्वतीय अभियानों के साहस को मिली पहचान, नारी सशक्तिकरण समारोह में भीलवाड़ा की पर्वतारोही को मिला सम्मान

### शिवानी जैसी बेटियां नारी शक्ति और आत्मविश्वास की प्रेरक मिसाल हैं: बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर/भीलवाड़ा ।** पहाड़ों की ऊंचाइयों को अपने हौसले से नापने और दुर्गम रास्तों पर तिरंगा फहराकर भीलवाड़ा का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही शिवानी भरावा को उदयपुर में आयोजित नारी सशक्तिकरणएवं सम्मान समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया



गया। नारी सक्षम संस्था की ओर से आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी रहीं। उन्होंने शिवानी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके साहस और उपलब्धियों की सराहना की। शिवानी भरावा अब तक कई कठिन और दुर्गम पर्वतीय मार्गों पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने विश्व के सबसे ऊंचे एवरेस्ट बेस कैंप (17598 फीट), केदारकांठा समिट, लद्दाख के चादर ट्रेक और कैलाश मानसरोवर यात्रा सहित कई ट्रेक पर तिरंगा फहराया है। मंदाकिनी ने कहा कि शिवानी जैसी बेटियां नारी शक्ति और आत्मविश्वास की प्रेरक मिसाल हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी हौसला बनाए रखते हुए चुनौतियों को पार करना युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। सम्मान से अभिभूत शिवानी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि भीलवाड़ा की हर बेटी का सम्मान है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर पर्वतारोहण, खेल और फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। समारोह में नारी सक्षम संस्था की अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और समाजसेवी मौजूद रहे।

# मंडावर में किसान से 16,600 की ठगी, अधिक पैसे देने का झांसा देकर बदमाश फरार

### अनाज मंडी में बाजरा बेचकर लौटे किसान को बस स्टैंड पर बनाया निशाना, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** मंडावर कस्बे में किसानों को निशाना बनाकर रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार झूठा हेड़ा खुर्द निवासी किसान खिलारी मंडावर



अनाज मंडी में बाजरा बेचकर बस स्टैंड पहुंचा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने किसान से बातचीत करते हुए अधिक पैसे देने की बात कहकर उसे अपने झांसे में लिया और कथित रूप से ?16,600 लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद किसान ने आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर मंडावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसान से घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बदमाश की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। लिफ्ट और रास्ता पूछने के बहाने भी किसानों को बना रहे निशाना स्थानीय स्तर पर ऐसी घटनाओं को लेकर किसानों में चिंता देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार बदमाश कभी लिफ्ट देने तो कभी रास्ता पूछने या अधिक रुपए दिलाने का झांसा देकर किसानों को अपने जाल में फंसाते हैं। मंडावर थाना पुलिस की अपील : किसान मंडी से अनाज बेचकर लौटते समय अपने रुपए सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति के बहकावे में आकर पैसे न दें। संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# डीईओ डॉ. जीनगर ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियों का लिया जायजा: तैराकी व स्केटिंग मैदानों सहित आवास व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

### भीलवाड़ा में 28 सितंबर से तैराकी एवं 1 अक्टूबर से रोलर स्केटिंग का होगा महाकुंभ; 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग में जुटेंगे प्रदेशभर के खिलाड़ी, विभागीय नियमों की पालना के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष (छात्र-छात्रा) तैराकी एवं रोलर स्केटिंग प्रतियोगिताओं की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रतियोगिताओं के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर ने आयोजन स्थलों का सघन दौरा कर खेल मैदान, प्रतियोगिता स्थल एवं आवास व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**28 सितंबर से तैराकी और 1 अक्टूबर से स्केटिंग प्रतियोगिता**

प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष (छात्र-छात्रा) तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक भीलवाड़ा स्थित निजी विद्यालय में किया जाएगा। इसी क्रम में 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक 14 वर्ष (छात्र-





छात्रा) राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी शहर के निजी विद्यालय परिसर में होगा। इन प्रतियोगिताओं में राजस्थान के विभिन्न जिलों से सैंकड़ों बाल खिलाड़ी, कोच और टीम प्रभारी भाग लेंगे।

**व्यवस्थाओं पर जताया संतोष, समयबद्धता के दिए निर्देश**

डीईओ डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर ने निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों के ठहरने, आवास कक्षों, स्वच्छता, पेयजल, भोजन व्यवस्था तथा खेल मैदानों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अब तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आयोजन समिति और शारीरिक शिक्षकों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व चाक-चौबंद कर ली जाएं।

**70वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता: संक्षिप्त विवरण**

तैराकी प्रतियोगिता (14 वर्ष छात्र-छात्रा): 28 सितंबर से 04 अक्टूबर (निजी विद्यालय परिसर, भीलवाड़ा)

रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता (14 वर्ष छात्र-छात्रा): 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर (निजी विद्यालय परिसर, भीलवाड़ा)

आयोजक: प्रारंभिक शिक्षा विभाग, भीलवाड़ा

**निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित**

जायजे के दौरान विद्यालय निदेशक अकीन चौधरी सहित प्रतियोगिता व्यवस्थाओं में जुटे शारीरिक शिक्षक विश्वजीत सिंह, दिनेश सोमानी, योगेंद्र छिपा, अनिल असोपा, राकेश जोशी, सुनील खटीक एवं अंशुल विजयवर्गीय उपस्थित रहे। सभी शारीरिक शिक्षकों ने प्रतियोगिता की रूपरेखा और की जा रही व्यवस्थाओं से जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया।

# महर्षि दधीचि जयंती पखवाड़े में संस्कारों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश



दधीचि उद्यान में पौधारोपण, आश्रम में भोलेनाथ का अभिषेक, नन्हे कवियों ने कविता से जगाई देशभक्ति और पर्यावरण चेतना

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** महर्षि दधीचि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जयंती पखवाड़े के तहत जिला दाधीच मंडल एवं युवा दाधीच प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महर्षि दधीचि उद्यान में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं दधीचि आश्रम में भगवान दाधीचेश्वर भोलेनाथ का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया और सभी के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम जिला दाधीच मंडल अध्यक्ष राजमल जोशी के सानिध्य में हुआ। पेच के बालाजी के मुख्य महंत आशुतोष शर्मा ने महर्षि दधीचि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उद्यान में पौधारोपण किया गया। आश्रम में पंडित नरेंद्र दाधीच एवं राहुल अंकित ने भगवान दाधीचेश्वर भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक कराया। इसी क्रम में दधीचि आश्रम में बालक-बालिकाओं के लिए कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। युवा प्रकोष्ठ के सीपी शर्मा ने बताया कि 3 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रकृति, पर्यावरण एवं देशभक्ति विषय पर कविता प्रतियोगिता हुई। नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और देशप्रेम का संदेश दिया। वहीं 11 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने देशभक्ति विषय पर कविता प्रस्तुत कर प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में जिला दाधीच मंडल महामंत्री सत्यदेव त्रिपाठी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुश आचार्य, राजेश तिवारी, डॉ. राजश्री रतावा, अर्पिता दाधीच, आशा दाधीच, हरिप्रकाश कंठ, लोकेश भट्ट, अमित व्यास, आदित्य, आदित्य ओझा, वीरेंद्र शर्मा, नीरज दाधीच, रोहित दाधीच, राकेश दाधीच, अक्षय कंठ, लव आचार्य, नारायण दाधीच, जितेंद्र दाधीच, रवि त्रिपाठी, अनिल, जगदीश चंद्र, सीपी शर्मा, विक्रम दाधीच, ओम मिश्रा, कैलाश दाधीच, विधि प्रकोष्ठ से जगदीश भगवानपुरा सहित समाजजन मौजूद रहे।

खाचरोल में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित: गोवंश का हुआ नि:शुल्क उपचार, 30 किलो मिनरल मिक्सचर का किया वितरण

# पशुपालन विभाग की योजनाओं से पशुपालकों को कराया अवगत; आरएलडीबी जयपुर द्वारा विकसित पोषक तत्वों से बढ़ेगी गोवंश की प्रजनन क्षमता, कई पशुपालक रहे मौजूद

स्मार्ट हलचल

**खाचरोल/भीलवाड़ा (स्मार्ट हलचल)।** ग्राम पंचायत खाचरोल में पशुपालन विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालक अपने बांझपन व प्रजनन संबंधी समस्याओं से ग्रसित गोवंश को लेकर पहुंचे, जहां पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा उनका गहन परीक्षण कर उचित उपचार व दवाएं दी गईं।



**30 किलोग्राम मिनरल मिक्सचर का नि:शुल्क वितरण**

शिविर के दौरान राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड (आरएलडीबी), जयपुर द्वारा विशेष रूप से तैयार 30 किलोग्राम मिनरल मिक्सचर (फीड सप्लीमेंट एवं प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाले आवश्यक खनिज-विटामिन) का पशुपालकों के बीच नि:शुल्क वितरण किया गया। चिकित्सकों ने पशुपालकों को बताया कि संतुलित आहार और मिनरल मिक्सचर के नियमित उपयोग से पशुओं में बांझपन की समस्या दूर होती है और दुग्ध उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

**?विभागीय योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी**

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार ताम्बी ने उपस्थित पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं अनुदान आधारित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को पशुधन बीमा, नस्ल सुधार, टीकाकरण और मौसमी बीमारियों से बचाव के वैज्ञानिक तौर-तरीकों के प्रति जागरूक किया।

**शिविर में दी गई प्रमुख सेवाएं व सुविधाएं:**

बांझपन व प्रजनन समस्याओं से ग्रसित गोवंश का गहन स्वास्थ्य परीक्षण व नि:शुल्क उपचार।

आरएलडीबी जयपुर द्वारा विकसित 30 किग्रा पोषक मिनरल मिक्सचर का वितरण। पशुपालकों को विभागीय योजनाओं, पशु पोषण व टीकाकरण के प्रति तकनीकी मार्गदर्शन। चिकित्सा दल व ग्रामीण रहे उपस्थित इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार ताम्बी, पशुधन निरीक्षक भेरू लाल सुखवाल, गोविंद कुमार एवं पशु परिचर कैलाश जाट सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र के बड़ी संख्या में प्रगतिशील पशुपालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जिले में 8 स्थानों पर रक्तदान शिविर, 359 यूनिट रक्त संग्रहित

# राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रक्तदाताओं ने दिया जीवन बचाने का संदेश, 2,226 से अधिक लोगों ने ली ऑनलाइन रक्तदान की शपथ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान' के तहत जिले में सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 8 स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 359 यूनिट रक्त संग्रहित कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने विभिन्न रक्तदान शिविरों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र लोगों से नियमित अंतराल पर रक्तदान करने की अपील की। सीएमएचओ ने बताया कि इस



वर्ष अभियान की थीम 'मानवता की एक बूंद-रक्तदान करें, जीवन बचाएं' रखी गई है। अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों के साथ जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

**सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले युवाओं का सम्मान**

शिविरों में रक्त बैंक प्रभारियों के निर्देशन में नर्सिंग अधिकारियों, लैब सहायकों एवं अन्य कार्मिकों ने सेवाएं दीं। सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले युवाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। एनसीसी, उच्च शिक्षा संस्थानों, माई भारत स्वयंसेवकों, युवा संगठनों, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। रक्तदान शिविरों के साथ जिले में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान 2 हजार 226 से अधिक नर्सिंग विद्यार्थियों एवं आमजन ने ऑनलाइन स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ ली।

**इन 8 स्थानों पर हुए रक्तदान शिविर**

गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुण्ड गेट, शाहपुरा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा ग्राम जालमपुरा स्थित



### कार्यालय में दिलाई स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में सीएमएचओ कार्यालय में भी जागरूकता एवं जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने अपने चैम्बर में कार्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने रक्तदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

बालाजी मंदिर, तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में अरबन फॉरेस्ट, ओस्तवाल ग्रुप, आटूण रोड, सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा कांटेड भवन, प्राइवेट बस स्टैंड, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के तत्वावधान में रामद्वारा, स्वामी रामचरण मार्ग, श्री चारभुजानाथ रक्त सेवा संस्थान द्वारा केशव पोरवाल हॉस्पिटल तथा आरसीएम वर्ल्ड कैम्पस, भीलवाड़ा में भी रक्तदान शिविर आयोजित किए गए।

# प्रदेश में एक लाख 19 हजार लीटर वॉश नष्ट, 126 हुए गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर,** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए 14 से 30 सितंबर तक जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही जारी है। प्रदेश में वॉश, हथकड़ मदिरा सहित अन्य राज्य की मदिरा पर भी कार्रवाई की गई है एवं बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई है।

**अवैध मदिरा के धंधे में लिप्त 126 गिरफ्तार**

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 16 सितंबर 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 361 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 2 लाख 60 हजार 841 रूपए लागत की 967 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 66 लाख 55 हजार 180 रूपए की 6655 लीटर, बीयर 68 हजार 960 रूपए की 319 लीटर, हथकड़ शराब 2396 लीटर एवं स्प्रिट 350 लीटर जब्त किया गया है। इसी क्रम में वॉश एक लाख 19 हजार 90 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के तहत एक बड़ा वाहन, 15 दुपहिया वाहन सहित 16 वाहन जब्त किए है साथ ही 126 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

**अवैध मदिरा पकड़ी, वॉश व भट्टियां नष्ट**

प्रदेश में आबकारी निरोधक दलों की कार्रवाई के तहत भीलवाड़ा के आसींद बनेड़ा फोर्ट दुर्गम क्षेत्र में 4800 लीटर वॉश सहित एक मदिरा भट्टी नष्ट कर 35 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई। इसी प्रकार शाहपुरा में एक हजार लीटर वॉश नष्ट करते हुए 6 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की। भरतपुर में आबकारी टीम ने रेलवे पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में अंग्रेजी मदिरा की विभिन्न ब्रांड की 37 बोतल जब्त की, इनमें से 5 बोतल फोर सेल इन हरियाणा



है। अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। चूरू के राजगढ़ में आबकारी दल की कार्रवाई में 72 बोतल माल्टा देशी मदिरा फोर सेल इन हरियाणा जब्त की गई साथ ही अन्य कार्रवाई में 290 पव्वे देशी मदिरा के जब्त कर अभियोग दर्ज किया। अजमेर शहर में 48 पव्वे देशी मदिरा के जब्त करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में एक हजार लीटर वॉश एवं 4 भट्टियां नष्ट की। ब्यावर में एक पुरानी भट्टी और 200 लीटर वॉश नष्ट किया। नसीराबाद में 200 लीटर वॉश नष्ट किया गया। किशनगढ़, जैतारण, एवं केकड़ी में होटल व ढ़ाबों की सघन जांच की गई। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में अवैध मदिरा परिवहन के प्रकरण में एक मोटरसाईकल जब्त की। रायसिंहनगर में 10 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त करते हुए 1200 लीटर वॉश सहित 3 भट्टियां नष्ट की गई। नागौर के मेड़ता में 150 लीटर वॉश नष्ट कर 74 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की। परबतसर में 300 लीटर वॉश नष्ट कर 15 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की। डीडवाना में 5 लीटर हथकड़ मदिरा एवं नावां में 21 पव्वे देशी मदिरा के जब्त कर अभियोग दर्ज किए। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है। समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# ब्यावर-जैतारण में रक्तदान शिविर, पहले दिन जुटीं करीब 80 यूनिट रक्त

## विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत आयोजन, 300 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत जिले में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर कमल राम मीना के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के निर्देशन में राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय के ब्लड सेंटर की ओर से ब्यावर एवं जैतारण में शिविर लगाए गए। ब्यावर के राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय के एमसीएच विंग स्थित एमटीसी वार्ड में आयोजित शिविर में महर्षि दाधीच समाज सेवा समिति सहित अन्य रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं का ई-रक्त कोष पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन प्रमाण-पत्र जारी किए गए। साथ ही स्वैच्छिक एवं नियमित रक्तदान का संकल्प दिलाया गया। इसी क्रम में उप जिला चिकित्सालय जैतारण में भी रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यहां राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय के ब्लड सेंटर की टीम ने सेवाएं दीं। मंत्री अविनाश गहलोत ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मुकेश भागवत ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन ब्यावर एवं जैतारण के दोनों शिविरों में मिलाकर करीब 80 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा तथा ब्लड सेंटर को 300 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य दिया गया है। सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि महर्षि दधीचि के त्याग से प्रेरणा लेकर रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। जिला कलक्टर कमल राम मीना ने स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान कर अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की।



# बच्चों ने उकेरे गणेशजी के आकर्षक चित्र

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नेहरू गेट स्थित रूचिका आर्ट एंड एक्टिविटी क्लासेज में बच्चों ने भगवान गणेश के आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंगों एवं विभिन्न कलात्मक माध्यमों का उपयोग करते हुए गणेशजी के मनमोहक चित्र तैयार किए। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह रहा। बच्चों ने गणेशजी के पारंपरिक स्वरूप के साथ अपनी कल्पनाओं को भी चित्रों में उकेरा। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं कला के प्रति रुचि विकसित करना रहा। चित्रकला गतिविधि में मनन जांगिड़, नेहल, रिद्धि रूनीवाल, माही आगीवाल, आध्या भंडारी, विरधी ओस्तवाल, एकता सोनी, प्रसूना सैनी, यक्ष सैन, अलवीरा और गुनगुन सैन ने भाग लिया। आयोजकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।



# पुरोहितों की मादड़ी रोड नंबर-4 पर जलापूर्ति का कोई समय तय नहीं, आमजन परेशान

## कभी रात 12 बजे तो कभी दिन में एक बजे छोड़ते हैं पानी, नौकरीपेशा परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र पुरोहितों की मादड़ी रोड नंबर-4, लक्ष्मीनगर, गाडोलिया लोहार कॉलोनी व शांतिनगर के निवासी काफी लम्बे से समय से जलदाय विभाग की अनियमित जलापूर्ति व्यवस्था से परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभाग की ओर से नल से पानी छोडने् का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं किया गया है। इसके चलते लोगों को दिनभर इस बात का इंतजार रहता है कि आखिर पानी कब आएगा। स्थानीय निवासियों के अनुसार कभी रात करीब 11 से 12 बजे जलापूर्ति की जाती है तो कभी दिन में एक बजे पानी छोड़ा जाता है। कई बार जलापूर्ति के समय में अचानक बदलाव कर दिया जाता है। ऐसे में लोगों के लिए अपनी दिनचर्या के अनुसार पानी भरने की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है। खासकर नौकरीपेशा लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि दिन में नौकरी पर रहने के कारण वे पानी नहीं भर पाते और रात में भी निश्चित समय की जानकारी नहीं होने से उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पानी आने के इंतजार में कई परिवारों के सदस्य रात 12 बजे तक घर के बाहर बैठे रहते हैं। पानी आने का कोई निश्चित समय नहीं होने के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि जलापूर्ति देर रात होने पर अगले दिन की दिनचर्या भी प्रभावित होती है। कई परिवारों को सुबह काम पर जाने और बच्चों को स्कूल भेजने से पहले पानी की व्यवस्था करने में दिक्कत आती है।



**- समय तय हो तो मिले राहत**

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्हें इस बात से आपत्ति नहीं है कि विभाग किस समय पानी छोड़ता है। उनकी मुख्य मांग सिर्फ इतनी है कि जलापूर्ति का एक निश्चित समय तय किया जाए। यदि विभाग की ओर से रोजाना एक निर्धारित समय पर पानी छोड़ा जाए तो लोग अपने जरूरी काम उसी के अनुसार व्यवस्थित कर सकेंगे और पानी भरने के लिए बेवजह घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रोड नंबर-4 पुरोहितों की मादड़ी में जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर नियमित और निर्धारित समय-सारणी जारी की जाए। साथ ही तय समय पर ही पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

# लक्ष्मीनारायण दशोरा चौथी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित, कपासन में पेंशनर समाज ने किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़** राजस्थान पेंशनर समाज, जिला शाखा चित्तौड़गढ़ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा के लगातार चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजस्थान पेंशनर समाज की कपासन उपशाखा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कपासन उपशाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दशोरा का साफा, उपरना एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ योगेश व्यास तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र मोहन दाधीच, कपासन रहे। कार्यक्रम में मूलचंद कुमावत, प्रभूदास वैष्णव, सुरेश शर्मा, रतनलाल आचार्य, दिनकर दशोरा, सचिन मोड़ एवं अनिल सिसोदिया सहित पेंशनर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई।



इसके बाद लक्ष्मीनारायण दशोरा का साफा पहनाकर, उपरना ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के सदस्य भैंरू शंकर व्यास, यशवंत दशोरा, मनोहरलाल सोनी, पदम पोखना, सोहनलाल पाण्ड्या, राजकुमार दशोरा, सत्यनारायण भट्ट एवं लक्ष्मीनारायण सोनी भी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में रतनलाल आचार्य, योगेश व्यास एवं महेंद्र मोहन दाधीच ने लक्ष्मीनारायण दशोरा को चौथी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने उनके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में राजस्थान पेंशनर समाज आगे भी प्रगति की ओर बढ़ेगा। साथ ही उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में सोहनलाल पाण्ड्या एवं मनोहरलाल सोनी ने आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा ने सम्मान के लिए कपासन उपशाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वंडर सीमेंट लिण्द्वारा वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर मनाया गया ऋषि पंचमी पर्व



स्मार्ट हलचल

वंडर सीमेंट लिमिटेड निम्बाहेड़ा के नीव इनिशिएटिव के तहत दिनांक 16.09.2026 को कंपनी के यूनिट हेड श्री नितिन जैन के निर्देशन में संचालित वंडर इकोग्रीन इनिशिएटिव कार्यक्रम के अंतर्गत वंडर सीमेंट पंचफल उद्यानए धनोरा में ऋषि पंचमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम धनोरा के ग्रामवासी एवं राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों की रक्षा का संकल्प लिया तथा समाज को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस के दौरान माँ की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन भी किया गयाए जिसमें माताओं को बच्चों को पोषण स्वास्थय एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया एवं ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को पर्यावरण सरंक्षण की शपथ दिलाई गई उल्लेखनीय है कि वंडर सीमेंट द्वारा परियोजना के आरम्भ से ही प्लांटए माइंस एवं आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी वंडर वृक्ष रथ के माध्यम से राजकीय विद्यालयोंए सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर पौधारोपण किया गया है। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पौधारोपण के साथ.साथ पौधों का संरक्षण कर हरित एवं स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है। इससे विद्यार्थियों एवं आमजन में वृक्षों के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा मिलेगा। ऋषि पंचमी के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लिया गया यह संकल्प सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश देता है। कार्यक्रम का स@ालन श्री दीपक भट्ट द्वारा किया गया द्य इस दौरान श्री भोपराज टांक प्रशासक ग्राम पंचायत फलवा श्री अनिल सोमानी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहें




# गांवों में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने वाले सुनेल के डॉ. मीणा सम्मानित



**ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सेवाओं के साथ शोध में भी योगदान की सराहना, कोटा में स्टेट ऑब्स्टेट्रिशियन एंड गाइनेकोलॉजिस्ट सोसाइटी राजस्थान ने दिया सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन**

स्मार्ट हलचल

**सुनेल** सीमित संसाधनों के बीच ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर मातृ एवं प्रसूति स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और चिकित्सा शोध के क्षेत्र में निरंतर योगदान के लिए राजकीय इब्राहिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुनेल के वरिष्ठ विशेषज्ञ स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सक डॉ. राम भरत मीणा को राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। कोटा में आयोजित कार्यक्रम में स्टेट ऑब्स्टेट्रिशियन एंड गाइनेकोलॉजिस्ट सोसाइटी, राजस्थान की ओर से उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किया गया। संस्था ने ग्रामीण क्षेत्र में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा चिकित्सकीय परिणामों में सुधार की दिशा में डॉ. मीणा के प्रयासों की सराहना की। डॉ. मीणा ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सेवाएं देने के साथ चिकित्सा शोध के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों में शोध का संदर्भ डॉ. मीणा द्वारा किए गए शोध कार्यों का बाद के भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों में तुलना, चर्चा और वैज्ञानिक संदर्भ के रूप में उपयोग किया गया है। यह ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे चिकित्सा शोध की व्यापक वैज्ञानिक प्रासंगिकता को दर्शाता है। चिकित्सा सेवा, मातृ स्वास्थ्य परिणामों में सुधार और शोध–तीनों क्षेत्रों में उनके निरंतर प्रयासों से सुनेल और झालावाड़ जिले को चिकित्सा एवं शोध के क्षेत्र में पहचान मिली है। डॉ. मीणा को मिले इस सम्मान से क्षेत्र के चिकित्सा समुदाय में भी खुशी का माहौल है।

# युवा देवेन्द्र पुर्बिया का मर्चेंट नेवी में चयन, गांव लौटने पर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ हुआ भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल

**पोटलां।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में अब लीक से हटकर नए क्षेत्रों में करियर बनाने का जज्बा तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में उम्मेदपुरा गांव के प्रतिभावान युवा देवेन्द्र पुर्बिया पिता नानालाल पुर्बिया ने मर्चेंट नेवी (Merchant Navy) में चयनित होकर न केवल अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि पूरे पोटलां क्षेत्र उम्मेदपुरा का नाम रोशन किया है। मर्चेंट नेवी की कठिन प्रक्रिया और प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद देवेन्द्र के प्रथम बार अपने गृह नगर आगमन पर ग्रामीणों, परिजनों और युवाओं द्वारा एक ऐतिहासिक व भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।



**गांव की सीमा पर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ अगवानी**

देवेन्द्र पुर्बिया के पोटलां पहुँचने की सूचना मिलते ही गांव के लोगों में उत्साह और जश्न का माहौल बन गया। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्र हुए युवाओं और ग्रामीणों ने देवेन्द्र को फूल-मालाओं से लाद दिया। समाज के प्रबुद्ध जनों और वरिष्ठ नागरिकों ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा (पगड़ी) बांधकर और तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। ?जुलूस और आतिशबाजी: ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच देवेन्द्र को जुलूस के रूप में पोटलां से उनके पेतृक गांव उम्मेदपुरा उनके निवास स्थान तक ले जाया गया। जुलूस के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों और महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर अपनी खुशी जाहिर की। ?बुजुर्गों का मिला भरपूर आशीर्वाद, मिठाइयों से बढ़ा मिठास ?जुलूस के पश्चात आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों ने देवेन्द्र को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परिजनों ने देवेन्द्र की इस सफलता को उनकी दिन-रात की मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। इस दौरान भावुक माहौल में बुजुर्गों ने देवेन्द्र के सिर पर हाथ रखकर उन्हें समुद्र की लहरों के बीच भी देश का नाम चमकाने का आशीर्वाद दिया।

**ग्रामीण युवाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत**

समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ ग्रामीणों ने कहा कि मर्चेंट नेवी एक चुनौतीपूर्ण लेकिन गौरवशाली करियर विकल्प है। छोटे से गांव से निकलकर इस क्षेत्र में जगह बनाना कोई मामूली बात नहीं है। देवेन्द्र की यह उपलब्धि गांव के अन्य विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक मिसाल बनेगी और उन्हें रक्षा, नौसेना व मर्चेंट नेवी जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। देवेन्द्र पुर्बिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और ग्रामीणों के अटूट स्नेह को दिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और गांव का मान सदैव ऊंचा रखेंगे।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत आर.एन.टी.विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिलवाई नशामुक्ति की शपथ...

स्मार्ट हलचल

**गांधीनगर** सेक्टर नंबर पांच, स्थित आर.एन.टी.विधि महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ के विधि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का लिया संकल्प, युवाओं ने दिया नशामुक्त भारत का संदेश दिया गया।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आर.एन.टी.विधि महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में गुरुवार को महाविद्यालय के विधि विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना तथा विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति का सकारात्मक संदेश पहुंचाना रहा। इस अवसर पर कॉलेज समन्वयक गौरव त्यागी एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी शर्मा,उप प्राचार्य डॉ. प्रभा भाटी सहित विधि व्याख्याता जमीर आलम, अमित कोहली,मेहा दाड,सोनिया राजोरा, शिवानी शर्मा, मिली बाबेल आदि फैकल्टी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विधि विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशे से स्वयं दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर विधि व्याख्याता जफ्फर हुसैन वैलिम ने विधि विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विधि विद्यार्थियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशे की समस्या केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका प्रभाव परिवार और पूरे समाज पर पड़ता है। विशेष रूप से युवा वर्ग को नशे से दूर रखना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विधि विद्यार्थी समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को उनके अधिकारों एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा शक्ति देश के भविष्य की आधारशिला है। यदि युवा नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगे तो समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे। इस कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त फैकल्टी सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में नशे के खिलाफ जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना दिखाई दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर रखने के लिए निरंतर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्ति के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन विधि व्याख्याता जफ्फर हुसैन वैलिम ने किया।

# मोदी के जन्मदिवस पर 'हनुमान अंश' के जरिए सनातन संस्कृति का संदेश

## प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर समाजसेवी राजेश कृष्णा बिरला ने कराई 'हनुमान अंश' की विशेष स्क्रीनिंग

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन एवं नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला की पहल पर प्रधानसेवक/प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर टॉकीज में 'हनुमान अंश' फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया गया। फिल्म बच्चों, वृद्धजनों और आमजन सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े 400 से अधिक लोगों को दिखाई गई। फिल्म के दौरान भगवान श्रीराम और हनुमानजी की भक्ति, समर्पण और आदर्शों को दर्शाने वाले कई प्रसंगों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रभु हनुमानजी के प्रति अटूट आस्था, सेवा और समर्पण के दृश्यों पर दर्शकों ने जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारे लगाए। राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित फिल्मों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इनके माध्यम से बच्चों और युवाओं को भारतीय संस्कृति, संस्कारों तथा सनातन परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। 'हनुमान अंश' के माध्यम से भी सनातन संस्कृति के प्रति आस्था और भक्ति का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 'हनुमान अंश' फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित होकर राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश आज भी प्रासंगिक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों, हनुमानजी की निष्ठा और समर्पण को जन-जन तक पहुंचाने में ऐसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक फिल्में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं



# नशे के नेटवर्क पर प्रहार, आमजन से मधुर व्यवहार डीजीपी ने दिए प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश...

## जालोर पहुंचे डीजीपी राजीव कुमार शर्मा, अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा; संज्ञेय अपराध में तत्काल एफआईआर और हार्डकोर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश...

स्मार्ट हलचल

**जयपुर,** पुलिस महानिदेशक राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा अपने जालोर जिले के एक दिवसीय भ्रमण के तहत जिला मुख्यालय पहुंचे। पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीजीपी ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जालोर की भौगोलिक परिस्थितियों, अपराध की स्थिति और कानून-व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में डीजीपी श्री शर्मा ने मादक पदार्थों की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर इस नेटवर्क पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध शराब के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई, हार्डकोर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा महिला एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के प्रावधानों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और अपराध घटित होने पर पुलिस की कार्रवाई में किसी तरह की देरी नहीं हो।

**थानों में परिवादियों से मधुर व्यवहार, हर संज्ञेय अपराध में तत्काल एफआईआर**

डीजीपी ने पुलिस थानों में ड्यूटी ऑफिसर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि ड्यूटी ऑफिसर थाने में बैठकर परिवादियों से मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार करें और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संज्ञेय अपराध घटित होने पर तुरंत प्रकरण दर्ज किया जाए।

उन्होंने यूथ सीएलजी सदस्यों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर आमजन की समस्याओं के प्रभावी निराकरण, पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने तथा सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।

**साफ-सफाई और पुलिस सुविधाओं पर भी नजर**

डीजीपी ने पुलिस थानों, पुलिस लाइन, पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों के भवनों के रखरखाव और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण के साथ-साथ आमजन के लिए भी थानों में सकारात्मक एवं सुविधाजनक माहौल होना चाहिए। बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मुख्यालय श्री हवासिंह घूमरिया, महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज श्री सत्येंद्र सिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस अधीक्षक सीआईडी इंटेलीजेंस जयपुर श्री नरपत सिंह, पुलिस अधीक्षक जालोर श्री शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर श्री मोटाराम सहित समस्त वृत्ताधिकारी एवं थानाधिकारी उपस्थित रहे।

# महर्षि गर्गाचार्य की दिव्य परंपरा और ज्ञान को समाज ने किया नमन, गर्ग ऋषि जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़ ।** गर्ग ब्राह्मण समाज सामूहिक विवाह संस्थान, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में गर्ग ऋषि जन्मोत्सव समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह भरत बाग में आयोजित हुआ। इस अवसर पर हवन-पूजन, कथा-प्रवचन, भव्य शोभायात्रा, प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान तथा महाप्रसादी का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य धर्म प्रवाहक संत श्री मोहन शरण शास्त्री, निंबार्क आश्रम भीलवाड़ा ने कहा कि महर्षि गर्गाचार्य अपने समकालीन ऋषियों में श्रेष्ठ एवं ज्येष्ठ थे। उन्होंने कहा कि द्वापर युग में कंस के अत्याचार के संक्रमण काल में महर्षि गर्गाचार्य ने अपनी दिव्य सिद्धियों के माध्यम से भगवान कृष्ण एवं बलराम का नामकरण संस्कार किया था। उन्होंने कहा कि गर्ग ब्राह्मण समाज को अपनी इस गौरवशाली परंपरा पर गर्व होना चाहिए। संत श्री मोहन शरण शास्त्री ने समाजजनों से गर्ग ऋषि के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

**कथा-प्रवचन से हुआ आयोजन का आगाज**

संस्थान के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गर्ग ने बताया कि मुख्य समारोह भरत बाग में हुआ। आयोजन की शुरुआत ऋषि पंचमी के अवसर पर कथा-प्रवचन से हुई। परशुराम रामायण मंडल, चित्तौड़गढ़ के भागवताचार्य पंडित जनार्दन मौड़ के सानिध्य में कथाप्रवाहिका खुशी गर्ग ने गर्ग ऋषि के जीवन एवं महिमा पर कथा प्रवचन किया।

### रंग-बिरंगी झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

आयोजन अध्यक्ष राधेश्याम शादी, कोषाध्यक्ष चंचल कुमार एवं पूर्णाशंकर गर्ग ने बताया कि प्रातः हवन-पूजन के बाद गर्ग ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुष रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान समाजजनों ने नाचते-गाते और गर्ग ऋषि के जयकारे लगाते हुए उत्साह व्यक्त किया। जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

### प्रतिभाओं और भामाशाहों का सम्मान

मुख्य समारोह में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गुर्जरगौड़ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरकंठ उपाध्याय, विप्र फाउंडेशन के मनीष त्रिपाठी, ज्योतिषाचार्य मदन उपाध्याय, ओम तत्सत् पारिमायिक संस्था के विकास उपाध्याय, राजस्थान महिला ब्रह्म शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा, सुनीता व्यास, नीरू चतुर्वेदी, दीपिका, दीपक शर्मा सहित समाज के ओमप्रकाश नगरी, राधेश्याम, अशोक पांडोली, गणेश लाल भिंडर, कैलाश संगरिया, फूलचंद शर्मा, नानालाल मानपुरा, मनोहर लाल सिरोड़ी, कन्हैयालाल रोलिया सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे। कमलकांत गर्ग ने सभी को शिक्षाप्रद 'गणित चालीसा' भेंट की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

## संस्कृत के प्रचार-प्रसार पर प्रधानाचार्य व मीडिया प्रभारी सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, भीलवाड़ा की शाखा ब्यावर की ओर से आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी एवं मीडिया प्रभारी राकेश कुमार को संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समिति के संयोजक पंडित बद्री प्रसाद शर्मा एवं सह-संयोजिका श्रीमती श्वेता दाधीच ने दोनों का सम्मान किया। इस अवसर पर संयोजक पंडित बद्री प्रसाद शर्मा ने बताया कि निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, शाखा ब्यावर की ओर से प्रतिवर्ष संस्कृत भाषा एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करने तथा सामान्य ज्ञान में वृद्धि करना है। समिति पदाधिकारियों ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग के लिए नवीन कुमार सैनी एवं राकेश कुमार के कार्यों की सराहना की। संस्था परिवार की ओर से दोनों को सम्मान मिलने पर बधाई दी गई।



## मोदी के जन्मदिवस पर महादेव मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन,

### कार्यकर्ताओं ने की दीर्घायु की कामना

**स्मार्ट हलचल अनिल कुमार खींची ब्यावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार ब्यावर में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महादेव जी की छतरी एवं रावत ज्वेलर्स पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित विजय दाधीच एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष सांड ने भगवान भोलेनाथ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में प्रकाश रावत, चंद्रशेखर सोलंकी, रजत कुमावत, मनीष बुरड़, ऋषि हुडा, एडवोकेट शशांक सोलंकी, सुरेश कुमावत, शंकर रावत, हनुमान शर्मा, जगमोहन शर्मा, भावेश गगवानी एवं विक्रांत रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की।



### पोक्सो मामले में 48 घंटे में अज्ञात आरोपी गिरफ्तार

## तकनीकी साक्ष्य व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बर थाना पुलिस ने की आरोपी की पहचान

स्मार्ट हलचल-

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** बर थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राकेश पुत्र अजमाल काठात (21) निवासी रेल का बाडिया, बिराटिया खुर्द है। पुलिस के अनुसार 13 सितंबर को बर थाना क्षेत्र के ग्राम बिराटिया खुर्द में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म की घटना हुई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर 14 सितंबर को प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। आरोपी अज्ञात होने के कारण उसकी पहचान कर गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण थी। महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज डॉ. रवि सभरवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया तथा रायपुर वृताधिकारी बंशीलाल पाण्डर के निकट सुपरविजन में बर थानाधिकारी मन्जु मुलेवा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर तलाश कर आरोपी की पहचान की और उसे दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। कार्रवाई में शामिल टीमः थानाधिकारी मन्जु मुलेवा, सहायक उपनिरीक्षक नन्दकिशोर सिंह, कांस्टेबल महिपाल 543, कांस्टेबल गिरधारी 601, कांस्टेबल कालूराम 442 तथा साइबर सेल ब्यावर के कांस्टेबल सुशील एवं कांस्टेबल नैनासिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं एवं पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मामले में अनुसंधान जारी है।

# दुर्घटना में घायल 11 वर्षीय नाबालिग को 23.10 लाख रुपये का मुआवजा, बीमा कंपनी को ब्याज सहित भुगतान के आदेश

### तेज गति से बाइक चलाकर टक्कर मारने का मामला, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण निम्बाहेड़ा ने बीमा कंपनी की आपत्तियां खारिज कीं....

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-01, निम्बाहेड़ा की पीठासीन अधिकारी सीमा करोल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में सड़क दुर्घटना में घायल 11 वर्षीय नाबालिग दानिश छीपा को 23 लाख 10 हजार 280 रुपये का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को उक्त राशि पर क्लेम प्रस्तुत करने की तारीख से वसूली तक 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज का भुगतान करने के भी निर्देश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार निम्बाहेड़ा की नई आबादी मेवाती मोहल्ला निवासी 11 वर्षीय दानिश छीपा पुत्र मोहम्मद असलम छीपा 26 फरवरी 2023 की शाम करीब 5 बजे एक खाने के कार्यक्रम के दौरान मेव जमात खाने के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या RJ-09-HS-2512 के चालक ने कथित रूप से तेज गति एवं गफलत और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दानिश को टक्कर मार दी। हादसे में दानिश के शरीर पर कई गंभीर एवं सांघातिक चोटें आईं। घटना के बाद घायल के पिता की ओर से अधिवक्ता राजू गिरी गोस्वामी, सेंती चित्तौड़गढ़ के माध्यम से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में क्लेम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

**बीमा कंपनी ने दुर्घटना की वास्तविकता से किया था इनकार**

प्रकरण की सुनवाई के दौरान विपक्षी बीमा कंपनी की ओर से दुर्घटना की वास्तविकता से इनकार करते हुए बीमा क्लेम देने से आपत्ति की गई। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद परिवादी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों, साक्ष्यों एवं तर्कों का परीक्षण किया। न्यायालय ने परिवादी अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए बीमा कंपनी की आपत्तियों को खारिज कर दिया तथा दुर्घटना में घायल नाबालिग को बीमा कंपनी से क्लेम राशि पाने का अधिकारी माना।

**6 प्रतिशत ब्याज सहित मिलेगा मुआवजा**

न्यायालय ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को घायल दानिश छीपा को कुल 23 लाख 10 हजार 280 रुपये अदा करने का आदेश दिया। इसके साथ ही इस राशि पर क्लेम प्रस्तुत करने की तारीख से वसूली तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज भी देना होगा। मामले में घायल की ओर से अधिवक्ता राजू गिरी गोस्वामी, सेंती चित्तौड़गढ़ ने पैरवी की।

# अवकाश के दिन भी श्रमिकों से काम करवाना पड़ा भारी, विकास अधिकारी पर 5 हजार की शास्ति

### श्रमिक दिवस पर मस्टरोल संचालन का मामला; निर्देशों की बार-बार अवहेलना पर बीडीओ लक्ष्मण लाल मीणा पर कार्रवाई, दो ग्राम विकास अधिकारियों पर भी 4-4 हजार की शास्ति

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़, स्मार्ट हलचल।** श्रमिक दिवस के अवकाश के दिन भी श्रमिकों से कार्य करवाने और जिला लोकपाल के निर्देशों की लगातार अवहेलना करना पंचायत समिति बड़ी सादड़ी के विकास अधिकारी को भारी पड़ गया। जिला परिषद चित्तौड़गढ़ के लोकपाल ने वीबी जी राम जी योजना के तहत प्रदत्त शक्तियों एवं प्रावधानों के अंतर्गत विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल मीणा पर 5 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। मामला 1 मई 2026, श्रमिक दिवस का है। जिला परिषद चित्तौड़गढ़ के लोकपाल द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान पंचायत समिति बड़ी सादड़ी की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर एवं पारसोली में श्रमिक दिवस के अवकाश के बावजूद मस्टरोल संचालित पाए गए और श्रमिकों से कार्य करवाया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला लोकपाल ने तत्काल संज्ञान लिया और विकास अधिकारी, पंचायत समिति बड़ी सादड़ी को पत्र भेजकर अवकाश के दिन संचालित कार्यों की वास्तविक स्थिति की जांच कराने तथा जांच रिपोर्ट और अनुपालना से अवगत कराने के निर्देश दिए। संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को भी अपना स्पष्टीकरण एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया गया।

**बार-बार निर्देश, फिर भी नहीं हुई अपेक्षित कार्रवाई**

लोकपाल के अनुसार निर्देश दिए जाने के बावजूद विकास अधिकारी की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई और अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। इस संबंध में लोकपाल द्वारा तीन से चार बार पत्र भेजकर निर्देशित किया गया, लेकिन आरोप है कि विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक बार निर्देशों की अवहेलना की जाती रही। लगातार निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए जिला लोकपाल अधिकारी ने वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत उपलब्ध शक्तियों एवं प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल मीणा पर 5,000 रुपए की शास्ति अधिरोपित की।

**दो ग्राम विकास अधिकारियों पर भी कार्रवाई**

मामले में ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर एवं ग्राम पंचायत पारसोली के संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों पर भी 4,000-4,000 रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। जिला लोकपाल के अनुसार जिले की शेष पंचायतों में सामने आए मामलों को लेकर कार्रवाई की प्रक्रिया अभी जारी है। कार्रवाई पूरी होने के बाद अन्य मामलों में भी स्थिति स्पष्ट होगी।

# पुष्कर में रेत पर उकेरी प्रधानमंत्री मोदी की कलाकृति

## का केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने किया अवलोकन

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर/**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर भगवान ब्रह्माजी की पावन नगरी पुष्कर में प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट अजय रावत द्वारा रेत पर उकेरी गई भव्य एवं आकर्षक कलाकृति का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की। : रेत पर



बनाई गई इस विशेष कलाकृति के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र उकेरा गया है, जबकि इसके चारों ओर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प तथा देश की विकास यात्रा से जुड़े विभिन्न आयामों को कलात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया है। यह रचनात्मक प्रस्तुति प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें दी गई एक अनूठी कलात्मक शुभकामना रही। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने सैंड आर्टिस्ट अजय रावत का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर अपनी कला के माध्यम से शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए उनका आभार जताया। पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़ी भारत की प्रतिष्ठा : केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, नवाचार, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सहभागिता के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। आज भारत आर्थिक एवं सामरिक क्षमता के साथ-साथ अपनी ज्ञान परंपरा, कला, संस्कृति और समृद्ध विरासत को भी वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करना केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

### मंडावर में चेयरमैन की कुर्सी को लेकर सियासी हलचल तेज

# त्रिशंकु परिणाम के बाद भाजपा-कांग्रेस के सामने निर्दलीय पार्षदों का समर्थन जुटाने की चुनौती, 21 सितंबर को होगा चेयरमैन का चुनाव

स्मार्ट हलचल




**मंडावर।** नगर पालिका चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद अब चेयरमैन की कुर्सी को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से नगर पालिका में सत्ता का समीकरण त्रिशंकु स्थिति में पहुंच गया है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए निर्दलीय पार्षदों का समर्थन महत्वपूर्ण हो गया है।

चुनाव परिणाम के अनुसार भाजपा को 10 सीटें, कांग्रेस को 8 सीटें मिली हैं, जबकि 7 निर्दलीय पार्षदों ने भी जीत दर्ज की है। बहुमत के लिए आवश्यक संख्या पूरी नहीं होने के कारण अब चेयरमैन पद के चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख दलों की नजर निर्दलीय पार्षदों पर टिकी हुई है।

**निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अहम**

नगर पालिका में सात निर्दलीय पार्षदों के चुनाव जीतने के बाद उनका महत्व बढ़ गया है। चेयरमैन चुनाव में इनके समर्थन से राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने स्तर पर बहुमत का आंकड़ा जुटाने के लिए प्रयास कर सकते हैं।

त्रिशंकु परिणाम के चलते आने वाले दिनों में राजनीतिक बैठकों और पार्षदों के बीच संपर्क का दौर तेज होने की संभावना है। हालांकि किस दल को निर्दलीय पार्षदों का समर्थन मिलेगा, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**पार्टी के भीतर भी समीकरण पर नजर**

चुनाव परिणाम के बाद दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के सामने अपने पार्षदों को एकजुट रखने की चुनौती भी रहेगी। चेयरमैन पद के चुनाव को लेकर स्थानीय स्तर पर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। संभावित समीकरणों को लेकर समर्थकों और कार्यकर्ताओं में भी उत्सुकता बनी हुई है।

**21 सितंबर को होगा फैसला**

चेयरमैन पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी की निगाहें 21 सितंबर को होने वाले चुनाव पर हैं। गुप्त मतदान के माध्यम से चेयरमैन का चुनाव होगा। मतदान के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि नगर पालिका की कमान किसके हाथ में जाएगी। फिलहाल मंडावर नगर पालिका की राजनीति में सात निर्दलीय पार्षदों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है। चुनाव परिणाम ने जहां दोनों प्रमुख दलों को बहुमत से दूर रखा है, वहीं चेयरमैन चुनाव को लेकर मुकाबला और भी रोचक बना दिया है। अब 21 सितंबर को होने वाला मतदान ही तय करेगा कि मंडावर नगर पालिका की चेयरमैन की कुर्सी पर किसका कब्जा होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय का कार्यक्रम रद्द

**लंदन , एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ब्रिटेन दौरे पर हैं। मंगलवार को लंदन में उनका एक कार्यक्रम सुरक्षा चिंताओं के कारण रद्द कर दिया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद यह फैसला लिया गया। लंदन की द शार्द इमारत के बाहर सैकड़ों प्रशंसक जमा हुए थे। कार्यक्रम रद्द होने से घंटों से इंतजार कर रहे कई प्रशंसक निराश हुए। मुख्यमंत्री का दल तमिलनाडु में निवेश आकर्षित करने यूके के दौरे पर है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में 12,300 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस निवेश अभियान का लक्ष्य तमिलनाडु को एशिया का उन्नत विनिर्माण और प्रौद्योगिकी केंद्र बनाना है। इससे राज्य भर में 9,400 से अधिक उच्च-मूल्य वाली नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। विजय बुधवार को अपना यूके दौरा समाप्त कर भारत लौटेंगे।

### कांगो में तीसरे कार्यकाल के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

**किंशासा , एजेंसी।** अफ्रीकी देश कांगो में राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी के तीसरे कार्यकाल की संभावना वाले सांविधानिक परिवर्तनों के खिलाफ मंगलवार को सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी। विपक्षी गठबंधन सी64 ने किंशासा समेत कई शहरों में ये प्रदर्शन आयोजित किए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण शुरू हुए पर सरकार समर्थक समर्थकों से झड़प के बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। विपक्षी नेता मार्टिन फायुलु ने सरकार पर राजनीतिक मिलिशिया के साथ काम करने का आरोप लगाया। कांगो सरकार के प्रवक्ता पैट्रिक मुयाया ने विपक्ष की निंदा की, कहा विरोध का अधिकार सही ढंग से प्रयोग होना चाहिए। कांगो का संविधान राष्ट्रपति के कार्यकाल की सीमा में बदलाव पर रोक लगाता है। नेशनल असेंबली में एक विधेयक विचाराधीन है, जो राष्ट्रपति को इन प्रावधानों को बदलने की अनुमति दे सकता है। त्सेसीकेदी के सत्ता में बने रहने के प्रयास का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों ने मई में सी64 का गठन किया था।

### 2 हेलिकॉप्टर, 21 विमान और 50 घंटे... ईरान में फंसे अमेरिकी पायलट को बचाने के लिए चला खतरनाक मिशन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सोचिए, आपका फाइटर जेट दुश्मन के इलाके में गिर चुका है, पैराशूट ठीक से नहीं खुला और शरीर में कई जगह फ्रैक्चर है. नीचे जमीन पर दुश्मन की सेना आपको खोज रही है और आपके पास छिपने के अलावा कोई रास्ता नहीं है. ऐसे में अगर मदद का भरोसा हो भी, तो सवाल यही है कि वह मदद आप तक पहुंचेगी कैसे? अप्रैल 2026 में ईरान में अमेरिकी एयरफोर्स के अधिकारी के साथ कुछ ऐसा ही हुआ. स्न-15श्व फाइटर जेट के गिरने के बाद उसके दो क्रू मेंबर अलग-अलग जगह जा गिरे. अप्रैल में अमेरिकी स्न-15श्व स्ट्राइक ईगल ईरान के ऊपर एक मिशन पर था. इसी दौरान विमान को एक मिसाइल से निशाना बनाया गया और वह क्रैश हो गया. विमान में दो अमेरिकी अधिकारी थे, जिन्हें यहां उनके कॉल साइन 'अल्फा' और 'ब्रावो' से जाना गया और विमान ईरान में ही जा गिरा था. दोनों ने विमान से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन जमीन पर पहुंचने के बाद उनकी लोकेशन अलग हो गई।

### ट्रंप ने अपने पसंदीदा सिंगर की पत्नी को बनाया राजदूत उम्मीदवार, बारबाडोस-पूर्वी कैरिबियन की संभालेंगी जिम्मेदारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पसंदीदा और मशहूर देशभक्ति गीत 'गॉड ब्लेस द यूएसए' के सिंगर ली ग्रीनवुड की पत्नी किम्बर्ली ग्रीनवुड को बारबाडोस और पूर्वी कैरेबियाई देशों के लिए अमेरिकी राजदूत के पद के लिए नामित किया है. ट्रंप प्रशासन ने किम्बर्ली के अलावा और भी कई अन्य राजदूत पदों के लिए नामित लोगों की लिस्ट अमेरिकी सीनेट के पास भेजी है. किम्बर्ली ग्रीनवुड की नियुक्ति के लिए अब सीनेट की मंजूरी जरूरी होगी. अगर अमेरिकी सीनेट से मंजूरी मिल जाती है, तो किम्बर्ली बारबाडोस के साथ-साथ सेंट किट्स एंड नेविस, सेंट लूसिया, एंटीगुआ और बारबुडा, डोमिनिका, ग्रेनेडा, और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनेडाइंस जैसे कैरेबियाई देशों में एक साथ अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवाएं देंगी।

# कोटा की कोचिंग व्यवस्था पर अंतरराष्ट्रीय मंथन, ग्लासगो सम्मेलन में डॉ. नूरिया ने प्रस्तुत किया शोध

## कोटा के कोचिंग उद्योग पर ग्लासगो में गूंजा शोध, ऑक्सफोर्ड में भी हुई अकादमिक चर्चा

### कोटा के कोचिंग मॉडल पर ग्लासगो में शोध की गूंज

### ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की डॉ. नूरिया रहमान ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया शोध-पत्र, ऑक्सफोर्ड में भी जुटे दुनिया के युवा शोधकर्ता

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** देश-दुनिया में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान बना चुके कोटा के कोचिंग उद्योग पर अब अंतरराष्ट्रीय अकादमिक जगत में भी विमर्श हो रहा है। कोटा की निजी कोचिंग व्यवस्था की बाजारगतिशीलता, बदलते स्वरूप और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों पर किया गया शोध ग्लासगो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नूरिया रहमान ने यूनाइटेड किंगडम के यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो में आयोजित BAICE कॉन्फ्रेंस 2026 में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत कर कोटा के शिक्षा मॉडल को वैश्विक अकादमिक चर्चा के केंद्र में रखा।

**कोटा के कोचिंग उद्योग की बदलती तस्वीर पर शोध**

3 से 5 सितंबर तक आयोजित सम्मेलन में डॉ. नूरिया रहमान ने 'मार्केट डायनेमिक्स



ऑफ द प्राइवेट कोचिंग इंडस्ट्रीः कोटा, द कोचिंग हब ऑफ इंडिया' विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया। शोध में कोटा को भारत में निजी कोचिंग उद्योग की बदलती बाजारगतिशीलता को समझने के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में देखा गया है।

कोटा की कोचिंग व्यवस्था से जुड़े सवालों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखते हुए शोध में निजी कोचिंग, शिक्षा बाजार और नियमन से जुड़े व्यापक मुद्दों पर चर्चा की गई। यह प्रस्तुति ऐसे शोधों के साथ हुई, जिनमें विभिन्न देशों में शैडो एजुकेशन यानी औपचारिक शिक्षा व्यवस्था के समानांतर संचालित निजी शिक्षण व्यवस्था का अध्ययन किया गया था। सम्मेलन में सिंगापुर और भारत के तुलनात्मक संदर्भ में भी चर्चा हुई।

**दुनिया के विद्वानों के बीच कोटा पर संवाद**

'कंस्ट्रक्टिव एनकाउंटर्सः डाइवर्जेंट वॉइसेज, डायलॉग्स एंड शेयर्ड फ्यूचर्स इन सीआईई' विषय पर आयोजित BAICE सम्मेलन में तुलनात्मक एवं अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न देशों के विद्वान और शोधकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में शिक्षा व्यवस्था, शिक्षा बाजार और विभिन्न देशों में निजी कोचिंग की भूमिका से जुड़े विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

डॉ. नूरिया की प्रस्तुति ने कोटा के अनुभव को व्यापक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा विमर्श से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। इससे कोटा के कोचिंग उद्योग से जुड़े स्थानीय सवालों पर वैश्विक अकादमिक संदर्भ में चर्चा हुई।

**ऑक्सफोर्ड में भी मिला अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मंच**

ग्लासगो सम्मेलन के बाद डॉ. नूरिया रहमान ने यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन में आयोजित सेंटर फॉर ग्लोबल हायर एजुकेशन 2026 अर्ली करियर ऑटम स्कूल में भाग लिया। यह आयोजन 7 और 8 सितंबर 2026 को ऑक्सफोर्ड में हुआ। ऑक्सफोर्ड की ओर से जारी आमंत्रण के अनुसार, इस ऑटम स्कूल में दुनिया के विभिन्न देशों से करीब 20 प्रारंभिक करियर के शोधकर्ताओं के शामिल होने की योजना थी। आयोजन में अकादमिक गतिविधियों, व्याख्यानों और शोधकर्ताओं के बीच नेटवर्किंग के अवसर रखे गए थे।

**कोटा से वैश्विक शिक्षा विमर्श तक पहुंचा शोध**

डॉ. नूरिया रहमान ने कहा कि कोटा के कोचिंग उद्योग पर शोध को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना विशेष रूप से सार्थक रहा। इससे कोटा जैसे स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण शिक्षा केंद्र से जुड़े सवालों को शिक्षा और समाज पर होने वाली वैश्विक चर्चाओं में शामिल करने का अवसर मिला।उन्होंने कहा कि ग्लासगो और ऑक्सफोर्ड के अकादमिक आयोजनों के दौरान शोध पर विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त हुए। अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के साथ संवाद और विभिन्न शिक्षा व्यवस्थाओं के संदर्भ में अकादमिक नेटवर्क को मजबूत करने का अवसर भी मिला।

# बगड़ी में धूमधाम से मनाया धरणीधर जन्मोत्सव, 51 कलशों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



### ड्रोन से हुई पुष्पवर्षा, जगह-जगह हुआ स्वागत; महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण

स्मार्ट हलचल

**पीपलू(नरेश कुरेडा)।** ग्राम बगड़ी में धाकड़ समाज की ओर से धरणीधर जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर धाकड़ नवयुवक संघ बगड़ी के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं झांकी का आयोजन किया गया। आयोजन में समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। धाकड़ नवयुवक कार्यकर्ता कन्हैया लाल ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ धाकड़ समाज मंदिर से भव्य झांकी के साथ हुआ। शोभायात्रा में 51 कलशों को महिलाओं द्वारा सिर पर धारण कर यात्रा निकाली गई। भव्य झांकी और जुलूस के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा माताजी मंदिर, छोटा बाजार, रावला, तेजाजी चौक, निवाई रोड होते हुए नीम चौकड़िया पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा मुख्य बाजार से होते हुए वापस धाकड़ मोहल्ले में पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भव्य झांकी और शोभायात्रा का स्वागत किया। आयोजन के दौरान जुलूस और झांकी पर ड्रोन के माध्यम से पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। धरणीधर जी के जयकारों से गांव का वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की मौजूदगी से आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। शोभायात्रा के समापन के बाद धरणीधर जी की महाआरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। समाज के लोगों ने धरणीधर जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। धाकड़ नवयुवक संघ बगड़ी द्वारा आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम हर वर्ष शुक्ल पक्ष की षष्ठी को आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी जन्मोत्सव को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और धरणीधर जी का जन्मोत्सव पूरे गांव में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।

# लाखेरी सराय के गणेश जी मेले में स्थानीय बाल कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

### मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोहा, मुख्य अतिथियों ने बाल कलाकारों को उपहार देकर बढ़ाया उत्साह

स्मार्ट हलचल

**लाखेरी -** कस्बे के श्री सराय के गणेश जी के मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मेले में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी कला, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री लक्की शर्मा, सोशल मीडिया जिला सदस्य एवं समाजसेवी जितेन्द्र गौड़ तथा एबीवीपी नगर मंत्री यशवर्धन वैष्णव उपस्थित रहे। अतिथियों ने बाल कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते



हुए उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा सभी बाल कलाकारों को उपहार भेंट किए गए। उपहार पाकर बाल कलाकारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अतिथियों ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनका उत्साहवर्धन करना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।

**धार्मिक उत्सव के साथ सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मिला मंच**

गणेश जी के मेले में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने धार्मिक आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया। स्थानीय बाल कलाकारों को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलने से मेले में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मेला समिति पदाधिकारी नंदकिशोर सैनी(अध्यापक), चेतराम सैनी, नरेंद्र सैनी, बिट्ठल टांक, गिर्राज पंचोली,महावीर जांगिड़, दुर्गेश दीप सैनी, मनीष नायक आदि उपस्थित रहे। मेले में श्रद्धालु, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मेला समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की पहल की गई, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# ससुराल से निकाली विधवा, बेटी संग 10 दिन से बरामदे में बैठी

### पति के हिस्से की संपत्ति के लिए एसपी से मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायत, ससुर-देवर पर मारपीट व प्रताड़ना का आरोप

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** मुबारकपुर गेरिया गांव में पति की मौत के बाद उसके हिस्से की संपत्ति में अधिकार पाने के लिए एक विधवा महिला अपनी बेटी के साथ करीब 10 दिन तक ससुराल के बरामदे में रहने को मजबूर रही। महिला ने ससुर और देवर पर घर से निकालने, मारपीट करने और खाना-पानी नहीं देने का आरोप लगाया है। न्याय के लिए पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायत की है। पीड़िता की बेटी स्मृति पाल के अनुसार, उसके पिता की वर्ष 2007 में कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उस समय उसकी मां गर्भवती थी। इसके बाद वह मां के साथ मायके कौशांबी जनपद के टीकरदेऊरी भरवारी चली गई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उन्हें वापस बुलाने के बजाय लंबे समय तक आश्वासन दिया। स्मृति ने बताया कि जून में उसकी मां उसके साथ मुबारकपुर गेरिया स्थित ससुराल पहुंचीं तो ससुर और देवर ने उन्हें घर में रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद थाने में तहरीर देकर पति के हिस्से की संपत्ति में अधिकार दिलाने की मांग की गई। पीड़िता का आरोप है कि इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। महिला के मुताबिक, सितंबर में वह दोबारा ससुराल पहुंची तो ससुर और देवर ने संपत्ति में हिस्सा देने से इनकार कर दिया और मां-बेटी के साथ मारपीट की। इसके बाद दोनों बरामदे में रहने को मजबूर हो



गईं। बेटी ने अपने चाचा पर उसके साथ मारपीट करने और बाथरूम जाने के दौरान साइकिल से पीछा करने जैसी हरकतें करने का भी आरोप लगाया है। रविवार को महिला की बहन ने दोनों को खाना खिलाया। सोमवार को हल्का दरोगा मौके पर पहुंचे। पीड़िता के अनुसार, दरोगा ने विधवा महिला और उसकी बेटी को दरवाजे के सामने से हटकर कहीं और चले जाने की नसीहत दी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद मां-बेटी को अपना घर छोड़कर गांव में दूसरी जगह रहने को मजबूर होना पड़ा। पीड़िता का कहना है कि पति के हिस्से के मकान और संपत्ति में अधिकार दिलाने तथा मारपीट व प्रताड़ना के मामले में कार्रवाई के लिए कई स्तरों पर शिकायत की गई, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में हमने उप जिलाधिकारी को लिखित दे दिया है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# विश्वकर्मा जयंती पर एसएसपी ने पुलिस लाइन में विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना



### एसएसपी ने शस्त्रों, वाहनों व पुलिस उपकरणों का किया पूजन, नियमित रख-रखाव के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

इटावा। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में गुरुवार को पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने जनपद में सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पुलिस विभाग में उपयोग किए जाने वाले शस्त्रों, विभिन्न उपकरणों तथा परिवहन एवं यांत्रिकी शाखा से संबंधित वाहनों और संसाधनों का भी विधिवत पूजन किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के कार्यों में तकनीकी संसाधनों एवं उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनकी सुरक्षा और उचित रख-रखाव पर जोर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग में प्रयुक्त शस्त्रों, उपकरणों एवं अन्य संसाधनों का नियमानुसार नियमित निरीक्षण और रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। शस्त्रों एवं उपकरणों को सदैव सुरक्षित और कार्यशील स्थिति में रखा जाए। वहीं परिवहन एवं यांत्रिकी शाखा के वाहनों तथा उपकरणों का नियमित परीक्षण कर आवश्यकतानुसार अनुरक्षण कराया जाए, ताकि पुलिस बल को आवश्यकता पड़ने पर सभी संसाधन तत्काल उपयोग के लिए तैयार मिल सकें। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह समेत पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब पद्मिनी की पहल, वृद्धाश्रम के बुजुर्गों व बच्चों को दिखाई धार्मिक फिल्म

### 150 से अधिक बुजुर्गों व बच्चों ने देखी 'हनुमान अंश', भावुक दृश्यों पर नम हुईं आंखें

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** रोटरी क्लब पद्मिनी की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत वृद्धाश्रम के बुजुर्गों एवं करणी विकास समिति के बच्चों को शहर के टॉकीज में धार्मिक-सामाजिक फिल्म 'हनुमान अंश' दिखाई गई। इसमें 150 से अधिक बुजुर्गों व बच्चों ने फिल्म का आनंद लिया। फिल्म के भावुक प्रसंगों पर बुजुर्गों की आंखें नम हो गईं, वहीं बच्चों ने नीम करौली बाबा के चमत्कारों के दृश्य देखकर उत्साह व्यक्त किया। फिल्म के दौरान कई बार जय श्रीराम एवं भगवान हनुमान के जयकारे गूंजे। अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों एवं बच्चों को मनोरंजन के साथ धार्मिक भावनाओं से जोड़ना तथा सामूहिक आनंद का अवसर प्रदान करना था। अनाथालय से बच्चों को सिनेमाघर तक लाने के लिए शुभा गुप्ता के सहयोग से वाहनों की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि फिल्म के टिकट का सहयोग क्लब सदस्य सुनीता पाण्डेय ने किया, जबकि रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था सोनिया लखोटिया की ओर से की गई। इस पहल से बुजुर्गों एवं बच्चों को साथ में समय बिताने और धार्मिक फिल्म का आनंद लेने का अवसर मिला। इस अवसर पर सदस्य सम्मो आनंद, शिल्पा माहेश्वरी, गुरविंदर अहलूवालिया, रंजना सेठी, सविता मंत्री एवं नमिता अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### सर्पदंश के शिकार मासूम की इलाज के दौरान मौत, परिवार में मचा कोहराम

# दो दिन उपचार के बाद कानपुर किया गया था रेफर, परिजनों का आरोप- अस्पतालों के चक्कर में नहीं मिला समुचित इलाज

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** नगर पंचायत खखरेरू के वार्ड नंबर 12 रामनगर में मंगलवार तड़के सर्पदंश के शिकार हुए मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिन तक फतेहपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर किया था। परिजनों का आरोप है कि कानपुर ले जाने पर मासूम को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद फतेहपुर लौटने पर भी भर्ती न किए जाने के बीच उसकी मौत हो गई। रामनगर निवासी सुनील कुमार और उनके पुत्र अंकुश



को मंगलवार तड़के करीब तीन बजे सोते समय सांप ने काट लिया था। परिजन दोनों को उपचार के लिए फतेहपुर स्थित मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां दोनों को भर्ती कराया गया। उपचार के बाद सुनील कुमार की हालत में सुधार होने लगा, लेकिन अंकुश की हालत गंभीर बनी रही। परिजनों के मुताबिक, करीब दो दिन उपचार के बावजूद अंकुश की हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर पहुंचे, लेकिन वहां अस्पताल में भर्ती नहीं किए जाने का आरोप है। इसके बाद वे अंकुश को लेकर वापस फतेहपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। परिजनों का कहना है कि यहां भी उसे भर्ती नहीं किया गया। इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और इलाज के अभाव में मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि रेफर किए जाने और अस्पतालों के चक्कर में समय निकलता गया और अंकुश को समुचित उपचार नहीं मिल सका। घटना को लेकर परिजनों में आक्रोश है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने बताया कि अंकुश पढ़ाई में होनहार छात्र था। मासूम की मौत से परिवार के साथ ही आसपास के लोगों में भी शोक है। परिजनों ने मामले में जिम्मेदार चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन की भूमिका की जांच कराए जाने की मांग की है।

# विदेश सचिव मिसरी ने शुरू किया 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान, दिलाई शपथ

स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय में स्वच्छता और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने विदेश मंत्रालय मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू भवन (जेएनबी) में आधिकारिक तौर पर 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को 'स्वच्छता की शपथ' दिलाई। इस देशव्यापी अभियान का उद्देश्य प्रशासनिक कामकाज के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी स्वच्छता को एक स्वभाव और मुख्य संस्कार के रूप में स्थापित करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर लिखा विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान की शुरुआत की और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को 'स्वच्छता की शपथ' दिलाई। इसके तहत,



विदेश सचिव ने एमईए मुख्यालय के लॉन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए। उन्होंने स्वच्छता अभियान के लिए श्रमदान में भी एमईए अधिकारियों का नेतृत्व किया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत विदेश मंत्रालय आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण कूटनीतिक और प्रशासनिक स्तरों पर सफाई अभियान चलाएगा। नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के अलावा, देश भर के सभी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) में विशेष स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा दुनिया भर में स्थित भारतीय दूतावासों और उच्चायोगों में भी इस अभियान को चलाया जाएगा, ताकि वैश्विक मंच पर भारत की स्वच्छ छवि को प्रदर्शित किया जा सके। बता दें कि मंत्रालय पहले भी इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करता रहा है। मंत्रालय इस दौरान अपने कार्यालयों की साफ-सफाई करने के अलावा पुराने दस्तावेजों की छंटनी, डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने, कचरा प्रबंधन और कार्यालय परिसरों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित करता है। यह अभियान आगामी सप्ताहों तक जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य जन-भागीदारी को बढ़ाना और सरकारी दफ्तरों को एक स्वच्छ व हरित कार्यक्षेत्र में बदलना है।

# पांच पंचायत समितियों में लगेंगे विशेष जनसेवा शिविर

### 19 से 25 सितम्बर तक आयोजित होंगे शिविर, मौके पर होगा जनसमस्याओं का समाधान

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत जिले में आमजन की समस्याओं के निस्तारण और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष जनसेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 सितम्बर को जवाजा, 22 को मसूदा, 23 को रायपुर, 24 को जैतारण तथा 25 सितम्बर को बदनौर पंचायत समिति में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में आमजन को सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों के आवश्यक कार्यों का मौके पर निस्तारण तथा विभिन्न समस्याओं और परिवेदनाओं का समाधान किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन को सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। जिला कलक्टर कमल राम मीना ने अधिकारियों को शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

# एक माह तक जिले में चलेगा जनसेवा का अभियान

### 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक होंगे जनभागीदारी और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत जनसेवा, जनभागीदारी, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला कलक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से




संचालित करने तथा अधिकाधिक लोगों को अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों में आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, शैक्षणिक संस्थानों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं, प्रेरणादायी वीडियो प्रदर्शन, आशा सहयोगिनियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन, विद्यार्थियों की रैली, श्रमदान एवं सामुदायिक गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके साथ ही जनसेवा शिविर, रंगोली प्रदर्शन तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े।

पोस्टर का विमोचन

विश्व ओजोन दिवस पर मुख्य सचिव ने किया जन जागरूकता पोस्टर का विमोचन

# ओजोन परत पृथ्वी और इस पर जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण प्राकृतिक कवच : मुख्य सचिव




जयपुर(नि.सं.)। विश्व ओजोन दिवस के अवसर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक कवच है। इसके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर किए गए प्रयास यह दर्शाते हैं कि विज्ञान आधारित नीतियों, प्रभावी क्रियान्वयन और सामूहिक भागीदारी के माध्यम से बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान संभव है।

उन्होंने कहा कि आज ओजोन संरक्षण को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर देखने की आवश्यकता है। बढ़ते तापमान और शीतलन की बढ़ती जरूरत के बीच ऐसी तकनीकों एवं प्रणालियों को बढ़ावा देना जरूरी है, जो ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालें। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों, उद्योग जगत, तकनीकी विशेषज्ञों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों से जोड़कर ही व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि मॉन्ट्रियल कन्वेंशन के बाद से ही पर्यावरण रक्षा के गंभीर प्रयास जारी है। ओजोन दिवस का संदेश केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे आमजन के दैनिक जीवन और व्यवहार का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।




**सतत शीतलन को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता : अध्यक्षा, आरएसपीसीबी**

कार्यक्रम में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अपर्णा अरोरा ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण केवल एक वैश्विक पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से सीधे जुड़ा विषय है।



मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## पीएम ई-बस सेवा योजना के सुचारू संचालन एवं विस्तार की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य में पीएम ई-बस सेवा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव श्री रवि जैन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ई-बस सेवा के संचालन वाले राज्य के आठ जिलों के अधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। रवि जैन ने विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य सचिव को योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की जानकारी दी।

**चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का कार्य समय पर पूरा करें**

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-बसों के संचालन के लिए आवश्यक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं स्थापना समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए ताकि बसों का सुचारू संचालन हो सके और यात्रियों को अधिकतम राहत मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना के प्रभावी एवं निर्बाध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-बस सेवा के संचालन से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए।

**राजस्थान को मिलेंगी 1150 ई-बसें:** बैठक में बताया गया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राजस्थान को दो चरणों में कुल 1150 ई-बसें प्राप्त होनी हैं, जिनमें से अब तक 229 ई-बसें प्राप्त हो चुकी हैं।

न्यूज इन बॉक्स



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुप्त वृंदावन धाम में सेवा एवं पूजन



जयपुर। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुप्त वृंदावन धाम की ओर से हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में गौ सेवा, गौ पूजा एवं अर्चना की गई। इस दौरान जयपुर की पूर्व मेयर डॉ सौम्या गुर्जर के साथ अक्षय विद्यालय के छात्रों ने प्रधानमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए प्रार्थना की गई तथा गोभक्तों को प्रसादी वितरित की गई।

इसी अवसर पर गुप्त वृंदावन धाम परिसर में विश्वकर्मा जयंती पर विशेष पूजन आयोजित किया गया। यहां राजस्थान का सबसे बड़ा मंदिर आकार ले रहा है। धाम के निर्माण कार्य से जुड़े 400 से अधिक शिल्पकारों एवं वास्तुकारों ने विश्वकर्मा जी का पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य को 12 मई 2027 तक पूर्ण करने का संकल्प लिया।



## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय उद्यमिता एवं नवाचार कार्यशाला आयोजित

जयपुर(नि.सं.)। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं नारिका इन्क्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 से 17 सितम्बर, 2026 को छात्राओं में उद्यमशील मानसिकता, नवाचार, रचनात्मकता एवं समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक कक्षा शिक्षण से आगे ले जाकर अनुभवात्मक अधिगम के माध्यम से उद्यमिता की अवधारणाओं को समझाना था। कार्यशाला में टाइटन फिल्म को एक प्रभावी शिक्षण माध्यम के रूप में उपयोग किया गया। फिल्म की कहानी एवं व्यावसायिक यात्रा से प्रेरणा लेते हुए छात्राओं ने जाना कि किस प्रकार एक विचार को रचनात्मक सोच, निरंतर प्रयास, समस्या-समाधान एवं नवाचार के माध्यम से एक सफल ब्रांड में परिवर्तित किया जा सकता है।



सीमा सुरक्षा के साथ ग्रामीणों का विश्वास जीतने पर जोर

## सीमा पर पहुंचे डीजीपी राजीव कुमार शर्मा, जवानों से किया संवाद; जनसुनवाई कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जयपुर, 16 सितंबर। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे के तहत पश्चिमी राजस्थान पहुंचे। डीजीपी ने सीमावर्ती पुलिस थानों, बॉर्डर आउट पोस्ट और गांवों का दौरा कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। सीमा पर तैनात जवानों से संवाद किया।

**नोख थाने में दिया बेहतर पुलिसिंग का मंत्र:** निर्धारित कार्यक्रम के तहत डीजीपी श्री शर्मा फलौदी के सीमावर्ती नोख थाने में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर यह थाना दूर दराज पर स्थित है ऐसे में जनसहयोग लेते हुए पुलिसकर्मी बेहतर पुलिसिंग करते हुए नशा तस्करों, साइबर अपराधियों, सोलर कंपनियों से संबंधित अपराधों को दूर करने के प्रति पूरे जज्बे से कार्य करें। उन्होंने इस क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मियों से संवाद कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर नागरिक सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी निभाने पर पुलिसकर्मियों की सराहना की। उन्होंने थाने में स्वागत कक्ष पर बेहतर व्यवस्थाएं देने के निर्देश देते हुए पुलिसकर्मियों को फर्स्ट रिस्पोंडर के रूप में आम जनता के प्रति मृदु व सहयोगी व्यवहार करने का भी आह्वान किया और कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति संतुष्ट होकर जावे।

### राष्ट्रहित ही सर्वोपरि : डीजीपी

डीजीपी शर्मा ने जनसुनवाई की। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने और सजग रहते हुए किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सबसे पहले समीपस्थ पुलिस चौकी या थाने को दें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर पुलिस की प्रभावी निगरानी हो। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस का त्वरित रेस्पॉन्स हो। जनसुनवाई और सीमा संवाद दौरान पुलिस महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों को स्थानीय नागरिकों से नियमित संवाद रखने, उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जयपुर के 6 नवनिर्वाचित पार्षदों पर आपराधिक मामले दर्ज

## 5 पुरुष और एक महिला शामिल, चोरी-मारपीट, जुआ और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप


सुनीता मावर
शैलेन्द्र शर्मा

जयपुर। जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में हुए चुनाव में जीत दर्ज करने वाले 6 नवनिर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनावी हलफनामों में दर्ज जानकारी के अनुसार इन पार्षदों पर मारपीट, जुआ खेलने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और एससी-एसटी एक्ट से जुड़े आरोपों के मामले सामने आए हैं।

खास बात यह है कि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे इन 6 पार्षदों में सिर्फ एक महिला पार्षद हैं। वार्ड-118 से कांग्रेस की सुनीता गुप्ता मावर पर आईपीसी की धारा 342, 332, 353, 506 और SC/ST एक्ट की धारा3(2)(1a), 3(1)(r), 3(1)(s) के तहत केस पेंडिंग है। वहीं वार्ड-52 से नवनिर्वाचित पार्षद कांग्रेस के हनुमान सैनी पर सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलने का आरोप था , हालांकि उन पर लगे केस का निस्तारण हो चुका है। इधर वार्ड-97 से भाजपा के नवनिर्वाचित शशि प्रकाश शर्मा पर तो चोरी का आरोप है।




## ट्रेन के एसी कोच में 1 करोड़ की ज्वेलरी चोरी

**मदुरई-बीकानेर एक्सप्रेस से लौट रही थी मां-बेटी, घर पहुंचने पर चला पता**

बीकानेर(वि.सं.)। मदुरई-बीकानेर एक्सप्रेस के एसी कोच बी-1 में सफर कर रही मां-बेटी के बैग से 1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 8 लाख कैश चोरी हो गए। मां-बेटी नागपुर में परिचित के सगाई समारोह में शामिल होकर लौट रही थी। नोखा पहुंचने के बाद घर जाकर सामान की जांच करने पर चोरी का पता चला। इस मामले में 14 सितंबर को बीकानेर जीआरपी ने एफआईआर दर्ज की। घटना 12 सितंबर को हुई थी। जीआरपी थानाधिकारी नेहा राजपुरोहित ने बताया- देसलसर निवासी विक्रम राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी थी। उनका परिवार महाराष्ट्र के वरूड़ (जिला अमरावती) में मिठाई का कारोबार करता है। उनके माता-पिता और भाई-बहन वहीं रहते हैं।

रक्तदान शिविर का आयोजन

## गायत्री राठौड़ ने जयपुरिया अस्पताल में रक्तदान शिविर का किया अवलोकन



जयपुर(नि.सं.)। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रीमती गायत्री राठौड़ ने जयपुर के राजकीय जयपुरिया अस्पताल में विकसित भारत-जनसेवा अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में रक्तदान कर रहे लोगों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर श्रीमती राठौड़ ने 35वीं बार रक्तदान करने वाले अरविंद कुमार से विशेष रूप से बातचीत की। उन्होंने अरविंद कुमार के नियमित रक्तदान के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदाताओं की सहभागिता से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। राठौड़ ने शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानव सेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।




## राजस्थान निकाय चुनाव की री-पोलिंग में कांग्रेस 6 सीटें जीती

**भाजपा की 3 में जीत; जयपुर के पुर्नमतदान में BJP सभी 4 वार्ड हारी**

जोधपुर (वि.सं.)। जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम के साथ सुकेत (कोटा) नगर पालिका के 9 वार्ड का रिजल्ट आज घोषित हो गया है। इन वार्ड के 10 बूथ की ईवीएम में खराबी के बाद बुधवार को री-पोलिंग हुई थी। आज आए रिजल्ट में नगर निगम के 5 वार्ड में कांग्रेस और तीन वार्ड में भाजपा कैंडिडेट जीते हैं। सुकेत नगर पालिका के वार्ड में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। री-पोलिंग के कारण जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम में मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव भी कैंसिल कर दिए गए थे। पहले ये चुनाव और 21 और 22 सितंबर को शेड्यूल थे।

गर्लफ्रेंड से 3 बार एटीम की रेकी करवाई

## मौज-मस्ती के लिए कैब ड्राइवरों ने बैंक कर्मचारियों से लूटे थे लाखों रुपए, युवती गिरफ्तार




जयपुर। जयपुर में बैंक कर्मचारियों से 41.70 लाख रुपए लूटकर भागे 3 बदमाश अब तक पकड़ में नहीं आए हैं। तीनों ओला-उबर कंपनी में अपनी कार चलाते थे। एक बदमाश ने वारदात से पहले अपनी गर्लफ्रेंड से रेकी करवाई थी। पुलिस ने लूट के 26.80 रुपए के साथ युवती को पकड़ लिया है, जिसने पूछताछ में ये खुलासा किया। बदमाशों ने अपने एक बैंक कर्मचारी परिचित से भी जानकारी ली थी। वारदात के बाद तीनों अपनी कार छिपाकर भाग गए। मामला रामनगरिया थाने का है। डीसीपी (ईस्ट) रंजिता शर्मा ने बताया कि लूट के मामले में गिरफ्तार आरोपी युवती अंशु कुमारी जाटव (22) निवासी नदबई भरतपुर से पूछताछ की जा रही है। युवती रामनगरिया इलाके में किशनपुरा के बजरंग दीप-प्रथम में किराए से रहकर डी-मार्ट में जॉब करती है। मामले में युवती के फरार बॉयफ्रेंड मासलपुर करौली निवासी मस्तराम मीणा और उसके दो दोस्त पुष्पेंद्र मीणा उर्फ पुस्सी व सुमित जंगम की तलाश जारी है। तीनों आरोपी जयपुर में अपनी-अपनी कार ओला-उबर कंपनियों में टैक्सी के तौर पर चलाते हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक- मामले में गिरफ्तार युवती अंशु और ओला-उबर कैब ड्राइवर मस्तराम मीणा की करीब 6-7 महीने पहले दोस्ती हुई थी।

मुख्यमंत्री का किसानों को बड़ा तोहफा

किसानों को उनका हक समय पर मिले यही हमारी प्राथमिकता - डॉ. किरोड़ी लाल

## तीन वर्ष से लंबित अटल भूजल योजना की लंबित 156 करोड़ रू. की देनदारियों का राज्य के किसानों को भुगतान



जयपुर(नि.सं.)। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित अटल भूजल योजना का क्रियान्वयन राज्य के 17 जिलों में 01 अप्रैल 2020 से किया जा रहा था। योजनान्तर्गत फार्म पौंड, सिंचाई पाइपलाइन, डिग्गी, कृषि यंत्र एवं फसल बदलाव मिनिकिट, फव्वारा, मिनी स्प्रिंकलर, ड्रिप आदि बनाये गये थे। भारत सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2025 के बाद योजना का क्रियान्वयन नही होने के कारण राज्य के किसानों की 158 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि का भुगतान शेष रह गया था जिसमें से कृषि विभाग की 90.91 करोड़ रुपये तथा उद्यानिकी विभाग 66.16 करोड़ रुपये की राशि शेष रह गयी।

**राज्य सरकार के निरंतर प्रयास-** राजस्थान सरकार ने केंद्र सरकार से इन लंबित दायित्वों के भुगतान हेतु कई बार गंभीर प्रयास किए। इस संबंध में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, माननीय कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री, राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सचिव द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से पत्राचार एवं प्रयास किए गए। परंतु राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति योजना देरी से जारी करने एवं केंद्र सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2025 के बाद योजना का क्रियान्वयन नही किये जाने के कारण अनुदान का भुगतान करने में असमर्थता जताई, ऐसे में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा उदारता एवं किसानों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाते हुए इन देनदारियों का भुगतान राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से करने का निर्णय लिया।

**वित्त विभाग की स्वीकृति एवं आवंटन**

वित्त विभाग द्वारा अटल भूजल योजना अंतर्गत लंबित देनदारियों को ÷राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (स्ठ्रस्न्न)÷ से भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि आयुक्त, नरेश गोयल द्वारा संबंधित जिला परिषदों/जिला कृषि अधिकारियों को बजट आवंटन आदेश जारी कर दिए गए है तथा संबंधित जिला अधिकारियों को तत्काल सत्यापन पूर्ण कर पात्र किसानों को

आत्मनिर्भरता व स्वदेशी विमानन क्षमता की तस्वीर कार्यक्रम में दिखेगी

# वायु सेना को आज एचएएल से मिलेंगे दो तेजस ट्रेनर विमान

## विमानों की सुपुर्दगी के साथ एचएएल को 2010 में दिया 40 विमान का आर्डर पूरा होगा

● नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) शुक्रवार को बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में भारतीय वायुसेना को हल्के लड़ाकू विमान तेजस के दो सीट वाले ट्रेनर विमान और एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान सौंपेगी। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इसी कार्यक्रम में पवन हंस लिमिटेड को अगली पीढ़ी के ध्रुव हेलीकॉप्टर भी सौंपे जायेंगे। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू भी रहेंगे और देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार वायु सेना को ये दो तेजस ट्रेनर विमान मिलने के बाद एचएएल को 2010 में दिया गया 40 विमान का आर्डर पूरा हो जायेगा। यह कहा जा रहा है कि एच ए एल को इन विमानों के लिए अमेरिका से इंजन समय पर नहीं मिलने के कारण विमानों की आपूर्ति में देरी हुई है। यह आर्डर 2016 में पूरा किया जाना था। कार्यक्रम में एचएएल और उसके उद्योग साझेदारों की घरेलू एयरोस्पेस क्षमता का भी उल्लेख किया जाएगा। सरकार ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्राथमिकता दी है।

इस कार्यक्रम में स्वदेशी विमानन क्षमता की तस्वीर भी दिखाई देगी। एक तरफ भारतीय वायुसेना के पायलटों के प्रशिक्षण और संचालन से जुड़े स्वदेशी विमान होंगे, तो दूसरी तरफ नागरिक क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले ध्रुव एनजी हेलीकॉप्टर होंगे।कार्यक्रम में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा, एचएएल के सीएमडी रवि के. सहित रक्षा, नागरिक उड्डयन, वायुसेना, पवन हंस, नियामक एजेंसियों और एयरोस्पेस एवं रक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।





### रक्षा क्षेत्र में घरेलू तकनीक, निर्माण को प्राथमिकता

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्लेटफॉर्म को शामिल किया जाना देश की स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। सरकार ने विमानन और रक्षा क्षेत्र में घरेलू तकनीक तथा निर्माण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। इसका उद्देश्य विदेशी स्रोतों पर निर्भरता कम करना और देश के भीतर एक मजबूत विमानन एवं रक्षा उद्योग तैयार करना है।

**साझेदारों की बढ़ती क्षमता का प्रदर्शन:** यह आयोजन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और उसके उद्योग साझेदारों की बढ़ती क्षमता को भी प्रदर्शित करेगा। इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि भारत अब उन्नत विमान और हेलीकॉप्टरों के डिजाइन, विकास और निर्माण की अपनी क्षमता को लगातार विस्तार दे रहा है।

## लश्कर कमांडर सैफुल्ला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट



**नई दिल्ली, आरएनएन।** जम्मू में एनआईए की विशेष कोर्ट ने अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले समेत कई बड़े आतंकी हमलों से जुड़े लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के कमांडर सैफुल्ला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, सैफुल्ला पाक के कसूर जिले के चंगा मांगा गांव निवासी है।

**पहलगाम आतंकी हमले से कनेक्शन**

आतंकी संगठनों में उसे साजिद जट, अली भाई, हबीबुल्ला मलिक, लंगड़ा, नूमी, नुमान, उस्मान हबीब और शानी जैसे नामों से भी जाना जाता है। अफसरों के अनुसार, वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के अभियानों में अहम भूमिका निभाता है और दो दशक से अधिक समय से सक्रिय है। एनआईए ने इस साल की शुरुआत में लश्कर-ए-तैयबा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके इसके सरगना और पाक आतंकी अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा को गिरफ्तार किया था। अब्दुल्ला को एक अन्य पाकसहयोगी उस्मान उर्फ खुबैब और तीन स्थानीय सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# रूस से अमेरिका तक, पीएम मोदी को 76वें जन्मदिन पर दुनिया भर से मिली बधाइयां

## कई देशों के नेताओं, राजदूतों, राजनयिक मिशनों ने दी बधाई

● नई दिल्ली

पीएम नरेन्द्र मोदी का 76वां जन्मदिन गुरुवार को केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय अवसर के रूप में भी सामने आया जिसमें उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू जैसे दिग्गजों ने भी बधाई दी। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न देशों के नेताओं, राजदूतों और राजनयिक मिशनों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इन संदेशों में भारत के साथ उनके देशों के संबंधों और एक दशक से अधिक समय से पीएम के रूप में मोदी द्वारा स्थापित राजनयिक संबंधों का उल्लेख किया गया।

**ट्रम्प ने दी बर्थडे की बधाई:** भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से हम पीएम नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई देते हैं। आने वाले साल में आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हैं।

### पुतिन ने की मोदी की असाधारण राजनीतिक दूरदर्शिता की सराहना

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नेताओं में शामिल रहे, जिन्होंने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने मोदी की असाधारण राजनीतिक बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता की सराहना की। भारत और रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में आपके व्यक्तिगत योगदान को जितना भी सराहा जाए, कम है। हम निश्चित रूप से अपने मित्र देशों के लाभ के लिए महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपना रचनात्मक सहयोग जारी रखेंगे। रूस से जापान और ऑस्ट्रेलिया से स्लोवाकिया तक मोदी को भेजे गये बधाई संदेशों में रणनीतिक साझेदारी, आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी, जनसंपर्क और भारत के साथ बढ़ते राजनयिक संबंधों का उल्लेख किया गया। इन संदेशों में वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका का भी जिक्र किया गया।



### मेरे दोस्त को जन्मदिन की शुभकामनाएं: पीएम मेलोनी

इटली की राष्ट्रपति जॉर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि मेरे दोस्त नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनके स्वास्थ्य, ऊर्जा और सफलता की कामना करती हूं। इटली और भारत अपनी दोस्ती के संबंध को मजबूत करने तथा हमारे देशों के लिए सहयोग एवं खुशहाली का एक भविष्य तैयार करने के लिए काम करते रहेंगे। बांग्लादेश के पीएम तारीक रहमान ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाए दी और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं जापान के भारत में राजदूत ओनो केइची ने भी मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मोदी के नेतृत्व को भारत की विकसित भारत की यात्रा से जोड़ते हुए अगले वर्ष भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया। भारत-जापान में रणनीतिक सहयोग, प्रौद्योगिकी, निवेश और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के विस्तार की पृष्ठभूमि में यह संदेश महत्वपूर्ण रहा। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने भी पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों की गर्मजोशी का उल्लेख किया। स्लोवाकिया के राजनयिक प्रतिनिधि रॉबर्ट मैक्सियन ने मोदी की हाल की महत्वपूर्ण यात्रा को याद किया और कहा कि वहां के लोगों के बीच उसका प्रभाव अब भी बना हुआ है।

# पाक नहीं जाएगा भारत का पानी

● लेह

लद्दाख प्रशासन ने स्टोक ग्लेशियर से पिघलकर आने वाले पानी को स्थानीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल करने की योजना शुरू की है। इसके तहत अप्रैल 2026 में प्रोजेक्ट हिम सरोवर शुरू किया गया। परियोजना के तहत ग्लेशियर के पानी को इगू-फे नहर की ओर मोडक़र स्पितुक फरका में चार जलाशय बनाए गए हैं। प्रशासन के अनुसार, इन जलाशयों में जमा पानी का इस्तेमाल सिंचाई और जमीन को खेती योग्य बनाने में किया जा रहा है।

**सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद लद्दाख में जल संग्रह की योजना**

पहले स्टोक ग्लेशियर का पानी नदी-नालों के जरिए सिंधु नदी में पहुंचता था और आगे पाकिस्तान की ओर बहता था। लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के मुताबिक, परियोजना से करीब 1,000 एकड़ जमीन पर खेती में मदद मिल सकती है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था।

# 336 करोड़ रुपए के पोंजी केस में भारतीय को 11 साल की जेल

## ट्रैविस केल्से समेत 64 पीड़ितों के नाम सामने आए

● वाशिंगटन

यूएस में 336 करोड़ (35 मिलियन डॉलर) से ज्यादा की पोंजी स्कीम के मामले में भारतीय मूल के निवेशक सिद्धार्थ जवाहर को 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में अमेरिकी फुटबॉल खिलाड़ी और टेलर स्विफ्ट के पति ट्रैविस केल्से का नाम भी पीड़ित निवेशकों में शामिल किया है।



कोर्ट में मंगलवार को अभियोजन पक्ष ने 64 पीड़ितों के नाम पढ़े, जिनमें ट्रैविस केल्से (38) का नाम भी शामिल था। हालांकि, केल्से ने इस मामले में कितनी रकम निवेश की थी इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। सिद्धार्थ जवाहर टेक्सास स्थित निवेश कंपनी स्विफ्टआर्क कैपिटल एलएलसी के संस्थापक थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, उन्होंने निवेशकों से 35 मिलियन डॉलर से ज्यादा जुटाए और बाद में नए निवेशकों से मिली रकम का इस्तेमाल पुराने निवेशकों को भुगतान करने में किया। यह पोंजी स्कीम का तरीका धोखाधड़ी का है।

### ट्रैविस केल्से कैसे जुड़े

2021 में फोर्ब्स में प्रकाशित रिपोर्ट में ट्रैविस केल्से को स्विफ्टआर्क के एक फंड के निवेशक के तौर पर बताया गया था। इस फंड की सह-स्थापना सिद्धार्थ जवाहर ने की थी। केल्से के अलावा एनबीए खिलाड़ियों टिम हार्डवे जूनियर, गैरी हैरिस और मेसन प्लमली के नाम भी उस फंड के निवेशकों में बताए थे। हालांकि, इन खिलाड़ियों की मौजूदा मामले में पीड़ित के तौर पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। केल्से ने जवाहर के फंड में कितनी रकम लगाई थी इसका भी सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं हुआ है। अभियोजन पक्ष ने यह जानकारी भी नहीं दी कि इस मामले में केल्से की सटीक भूमिका या वित्तीय नुकसान कितना था।

1200 जवानों की आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक, रोबोटिक डॉग भी शामिल

# औली में इंडो-यूएस संयुक्त युद्धाभ्यास

● नई दिल्ली

भारत और अमेरिका की सेनाएं युद्ध अभ्यास 2026 के अंतर्गत अपनी आतंकवाद-रोधी क्षमताओं को परख रही हैं। उत्तराखंड के औली में दोनों देशों के जवानों ने आतंकी ठिकानों में घुसने व वहां स्थित कमरों को प्रवेश करने का विशेष अभ्यास किया। यह अभ्यास ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया गया, जहां सैनिकों को बेहद सीमित जगह में तेजी और समन्वय के साथ कार्रवाई करनी होती है।

इस दौरान सैन्य टीमों के साथ ड्रोन, रोबोटिक डॉग, प्रशिक्षित मिलिटरी डॉग और स्नाइपर भी तैनात रहे। जवानों ने इन आधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञ टीमों के साथ मिलकर अभियान चलाने का अभ्यास किया। अभ्यास में यूएस सेना ने भारतीय सैनिकों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को समझा और जवानों से बातचीत की। उन्होंने अभियान में अपनाई जा रही तकनीकों और विभिन्न क्षमताओं को करीब से देखा। इस दौरान दोनों सेनाओं के जवानों के बीच अनुभवों और पेशेवर जानकारी का भी आदान-प्रदान हुआ।



### ऊंचे पहाड़ी इलाके में चल रहा अभ्यास

गौरतलब है कि भारत और अमेरिका की सेनाएं संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रही हैं। खास बात यह है कि अभ्यास उत्तराखंड के ऊंचे पहाड़ी इलाके औली से लेकर राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज तक एक साथ चल रहा है। अभ्यास में कुल 1200 जवान शामिल हैं। इनमें भारत और अमेरिका के करीब 600-600 सैन्यकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। इस अभ्यास में दोनों सेनाएं पहाड़ी और अर्ध-पहाड़ी इलाकों में एकीकृत युद्ध समूहों के संचालन की क्षमता को मजबूत कर रही हैं। सैनिक अलग-अलग परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाकर अभियान चलाने की रणनीति और तकनीक का अभ्यास कर रहे हैं।


## यमन के ताइज, और लहज में लड़ाई हुई तेज

**सना, आरएनएन।** यमन के ताइज और पड़ोसी लहज प्रांतों में गुरुवार को सरकारी बलों और हूती लड़ाकों के बीच संघर्ष तेज हो गया। सरकारी बलों ने हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के पास रणनीतिक कहबूब पर्वत श्रृंखला में बढ़त हासिल करने का दावा किया। ताइज के पश्चिम में अल-वजीइया जिले के अल-धरिफा जंक्शन पर हूती लड़ाकों की मदद को भेजे जा रहे अतिरिक्त बलों को हवाई हमले में निशाना बनाया गया। यमनी वायु सेना ने ताइज शहर के पूर्व में अल-हौबान में हूती के एक संचार केंद्र को भी निशाना बनाया। ताइज और लहज के बीच स्थित तथा यमन के पश्चिमी तट और बाब अल-मंदेब स्ट्रैट की ओर जाने वाले मार्गों पर नजर रखने वाली कहबूब पर्वत शृंखला में भीषण संघर्ष हुआ।

# कनाडा-ईयू की बढ़ती दोस्ती पर भड़क उठे ट्रम्प, बोले- लगा दूंगा भारी टैरिफ

● ब्रसेल्स

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ (ईयू) को चेतावनी दी है कि अगर वह कनाडा को ब्लाक का पहला सहयोगी सदस्य बनाने के यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के प्रस्ताव पर आगे बढ़ता है, तो वे ईयू के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। वान डेर लेयेन ने बुधवार को अपने सालाना स्टेट आफ द यूनियन भाषण के दौरान यह प्रस्ताव रखा था।



पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने प्रस्ताव को मजाकिया बताया और कहा कि अगर वे ऐसा करते हैं, और मुझे लगता है कि यह कोई दुश्मनी भरा कदम है, तो मैं बहुत भारी टैरिफ लगाऊंगा या यूरोप के साथ कई चीजों का व्यापार बंद कर दूंगा। अगर इरादा अच्छा है, तो ठीक है। वहीं, फ्रांस के यूरोप मामलों के मंत्री बेंजामिन हदाद ने कहा कि अमेरिका के पास ईयू के जियोपालिटिकल फैसलों को वीटो करने का कोई अधिकार नहीं है।

## नेपाल हादसा: 1410 के शव मिले, 6100 अब भी लापता

**काठमांडू, आरएनएन।** नेपाल में भयानक बाढ़ के बाद हादस में गुरुवार तक 1,410 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई और 6,100 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। 26 अगस्त को नेपाल-तिब्बत सीमा के पास बर्फ और चट्टानों के एवलांच से आए फ्लैश फ्लड ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया।

भोटेकोशी नदी बाढ़ का पानी नीचे ले गई, जिससे घर, गाड़ियां, सड़कें और पुल बह गए और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा। एनडीआरआरएमए द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बाढ़ में 1,410 लोगों के शव मिल चुके है और 6,145 लोग अभी भी लापता हैं। एनडीआरआरएम के अनुसार, चितवन से 364, नवलपरासी पूर्व से 232, नवलपरासी पश्चिम से 222 और नुवाकोट से 203 शव बरामद किए गए हैं।

# 13 साल से कम उम्र के बच्चों पर हो सख्ती

## ईयू चीफ उर्सुला वॉन डेयर ने सोशल मीडिया पर बैन का प्रस्ताव रखा

● नई दिल्ली

स्ट्रासबर्ग में आयोजित सालाना द्मस्टेट ऑफ द यूरोपियन यूनियनद्म कार्यक्रम में यूरोपियन यूनियन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेयर ने अपना वार्षिक भाषण दिया।

उन्होंने अपने संबोधन में 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम्स और चैटबॉट्स एक्सेस करने पर बैन का प्रस्ताव रखा। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम और चैटबॉट जैसी सेवाओं तक सामान्य पहुंच नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने इस पर बैन का प्रस्ताव रखा है।



### कई देशों में ऐसे प्रयास किए

इस प्रस्ताव से पहले यूरोप के कई देश किशोरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल को सीमित करने के लिए अलग-अलग कदम उठा चुके हैं। हालांकि ऐसे प्रयासों को कानूनी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। फ्रांस की शीर्ष कोर्ट ने अगस्त में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर बैन से जुड़े एक कानून को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि यह बुनियादी स्वतंत्रताओं का उल्लंघन करता है। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस प्रस्ताव पर दोबारा काम करने की बात कही।

### आज का इतिहास

- 1180: फिलिप अगुस्टस फ्रांस का राजा बना।
- 1615: इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के एंबेसडर थामस रॉ जहाँगीर से मिलने सूरत पहुँचा।
- 1803: अंग्रेजों ने ओडिशा के पुरी पर कब्ज़ा किया।
- 1809: लंदन में रॉयल ऑपेरा हाउस खुला।
- 1851: न्यूयार्क टाइम्स अख़बार ने प्रकाशन शुरू किया।
- 1906: भारतीय हास्य कवि काका हाथरसी का जन्म।
- 1922: हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
- 1926: अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत।
- 1950: हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री शबाना आजमी का जन्म।


नासा की खोज — वैज्ञानिकों ने होल को दिया मैकगेटचिन क्रेटर नाम, यह 222 मीटर चौड़ा व 43 मीटर गहरा है

# 6 मंजिला पत्थर चांद से टकराया, बना बड़ा होल

● वाशिंगटन

नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने चंद्रमा की सतह पर एक नया और विशाल क्रेटर की खोज की है। यह क्रेटर अप्रैल 11 से मई 22, 2024 के बीच बने किसी बड़ी टक्कर से निर्मित हुआ। वैज्ञानिकों ने इसे मैकगेटचिन क्रेटर नाम दिया है। यह 222 मीटर चौड़ा और औसतन 43 मीटर गहरा है। यह सौर मंडल में हाल के समय में पाया गया सबसे बड़ा ताजा इम्पैक्ट क्रेटर है। ऐसे बड़े क्रेटर चंद्रमा पर औसतन हर 132 साल में एक बार ही बनते हैं। इसलिए यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बहुत खास है।

एलआओ कैमरा टीम ने पुरानी और नई तस्वीरों की तुलना करके इस क्रेटर को पहचाना। 2025 में वाइड एंगल कैमरा की इमेज में एक चमकदार धब्बा दिखाई दिया। फिर नैरो एंगल कैमरा से डिटेल तस्वीरें ली गईं। इससे पहले और बाद की तस्वीरों से साफ हुआ कि 2024 के वसंत में कोई बड़ा उल्कापिंड या धूमकेतु का टुकड़ा चंद्रमा से टकराया. यह टुकड़ा तीन से छह मंजिला इमारत जितना बड़ा हो सकता था. टक्कर से इतनी ऊर्जा निकली कि सतह पर गहरा गड्ढा बन गया।



### लगातार निगरानी की जरूरत

यह भविष्य में चंद्रमा पर मानवीय मिशनों और बेस बनाने के लिए भी उपयोगी जानकारी दे सकता है। अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने इसे मैकगेटचिन नाम दिया। यह नाम अपोलो युग के चंद्र वैज्ञानिक थॉमस मैकगेटचिन के सम्मान में रखा गया। उन्होंने इम्पैक्ट क्रेटरों से निकलने वाले मलबे के मॉडल पर महत्वपूर्ण काम किया था। यह घटना बताती है कि चंद्रमा अभी भी सक्रिय है। छोटे-बड़े इम्पैक्ट लगातार होते रहते हैं। एलआरओ जैसे ऑर्बिटर लगातार तस्वीरें लेकर इन बदलावों को पकड़ते हैं।

### क्रेटर कैसे बना व इसकी खासियत

मैकगेटचिन क्रेटर चंद्रमा के पूर्वी किनारे पर बना है।यह हाईलैंड और मारे (समतल ज्वालामुखी क्षेत्र) की सीमा के पास स्थित है। क्रेटर के आसपास चमकदार इजेक्टा ब्लैंकेट है। टक्कर से निकली चट्टानें और धूल सैकड़ों मीटर तक फैली हुई हैं। कुछ मलबा 120 किमी से भी दूर तक पहुंचा। वैज्ञानिकों ने पाया कि टक्कर से सतह पर 7 किमी चौड़ा एक ठंडा क्षेत्र (कोल्ड स्पॉट) भी बना। रात के समय यह क्षेत्र आसपास की तुलना में कुछ डिग्री ठंडा रहता है क्योंकि धूल ढीली हो गई है। जल्दी ठंडी पड़ती है। क्रेटर की दीवारें औसतन 24 डिग्री की ढलान वाली हैं। कुछ जगहों पर 40 डिग्री तक। किनारा औसतन 8 मीटर ऊंचा है। इम्पैक्ट से सतह के नीचे 20 मीटर से अधिक गहराई की सामग्री बाहर निकली. यह क्रेटर अभी बिल्कुल ताजा है। अंतरिक्ष के मौसम और छोटे उल्कापिंडों से अभी इसे नुकसान नहीं पहुंचा है। इसलिए यह टकराने की प्रक्रिया का शोध करने के लिए उम्दा नेचुरल लैब है। यह खोज इसलिए अहम है, क्योंकि इससे पूर्व एलआरओ मिशन के दौरान पाया गया सबसे बड़ा नया क्रेटर सिर्फ 70 मीटर का था। मैकगेटचिन क्रेटर उससे तीन गुना बड़ा है। इससे इम्पैक्ट की मैकेनिक्स, इजेक्टा का फैलाव और सतह में बदलाव के मॉडल को सुधारने में मदद मिलेगी।

# यूएस नागरिक की बेल अर्जी पर एनआईए को मिला नोटिस

● नई दिल्ली

दिल्ली की एक कोर्ट ने गुरुवार को भारत में जातीय सशस्त्र समूहों से कथित संबंधों को लेकर आतंकवादी साजिश के मामले में गिरफ्तार यूएस नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक की बेल याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जवाब मांगा। कोर्ट के सूत्रों के अनुसार, विशेष जज प्रशांत शर्मा ने डाइक की बेल याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया है।

**अदालत ने जांच एजेंसी से मांगा जवाब**

सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी को 18 सितंबर तक अपना जवाब दाखिल करना होगा। इस महीने की शुरुआत में एजेंसी ने डाइक और छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ भारत में अवैध रूप से प्रवेश और ठहरने के आरोप में आरोपपत्र दाखिल किया था। हालांकि, इसमें गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप नहीं लगाए थे।

एनआईए के आरोपपत्र में सातों के खिलाफ आव्रजन और विदेशी अधिनियम की धाराओं 21 और 23 के तहत अपराधों का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने कोर्ट को बताया था कि आरोपियों के खिलाफ भारत और म्यांमा में जातीय सशस्त्र समूहों को सहायता पहुंचाने और उन्हें ड्रोन प्रशिक्षण देने सहित व्यापक आतंकवादी साजिश के मामले में जांच की जा रही है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com